वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 107, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 13 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ज्ञानवापी : ताला खोलकर या तोड़कर करें सर्वे..

## ज्ञानवापी मामले में न्यायालय का फैसला, कोर्ट कमिश्नर नहीं बदले जायेंगे, 17 मई के पहले सर्वे और मस्जिद परिसर के वीडियो रिकार्डिंग का आदेश , दो और सर्वे कमिश्नर नियुक्त







**वाराणसी:** ज्ञानवापी परिसर के सर्वे मामले में गुरूवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने फैसला सुना दिया । न्यायालय ने कहा है कि सर्वे कमिश्नर अधिवक्ता अजय मिश्र नहीं हटाए जाएंगे। न्यायालय ने दो और विशेष और सहायक कमिश्नर नियुक्त किए हैं। न्यायालय ने आदेश दिया है कि 17 मई से पहले सर्वे किया जायेगा। न्यायालय ने कहा है कि 17 मई से पहले कार्रवाई को पुख्ता करें। कमीशन की कार्रवाई में बाधा नहीं आनी चाहिए। न्यायालय ने 17 मई को सर्वे रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। सर्वे कार्यवाही जिला प्रशासन के सहयोग से होगी। सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक सर्वे किया जाएगा। बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय से नियुक्त विशेष कोर्ट कमिश्नर विशाल कुमार सिंह और सहायक कोर्ट कमिश्नर अजय सिंह है। अदालत ने अंजुमन इंतजामिया कमेटी की एडवोकेट कमिश्वर बदलने की मांग भी खारिज कर दी । स्पष्ट किया गया कि अजय कुमार मिश्रा एडवोकेट कमिश्नर बने रहेंगे। उन्हें 17 मई तक न्यायालय में पूरी कार्यवाही की रिपोर्ट पेश करनी होगी। कमीशन कार्यवाही के स्थल पर वादी, प्रतिवादी, अधिवक्तागण, एडवोकेट कमिश्नर, उनके सहायक व कमीशन कार्रवाई से संबंधित व्यक्तियों को छोड़ कर अन्य कोई बाहरी व्यक्ति नहीं शामिल हो सकेगा। अदालत ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बात समझ से परे है कि यह देखने में आता है कि जिला प्रशासन के अधिकारी अपने अहंकार के कारण न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराना उचित नहीं समझते हैं। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश का पालन भी अधिकारी नहीं करते हैं। न्यायालय ने पूरी कार्रवाई के लिए डीजीपी और प्रदेश के चीफ सेकेट्री को निगरानी करने के लिए आदेशित किया है। फैसले के पूर्व न्यायालय में दोपहर से ही गहमागहमी रही। अदालत के बाहर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। अदालत का फैसला आते ही अधिवक्ताओं के एक समूह ने हर–हर महादेव का नारा लगा खुशी जताई। वहीं, वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने भी खुशी जता एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई। इसके पहले बीते बुधवार को कोर्ट कमिश्नर बदलने की दाखिल याचिका पर फिर सुनवाई हुई। न्यायालय में वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें पेश की। सुनवाई पुरी होने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब हो कि प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने न्यायालय से सर्वे के लिए नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र पर आपत्ति जताते हुए 7 मई को अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं का कहना है कि एडवोकेट कमिश्नर सर्वे का काम निष्पक्ष तरीके से नहीं कर रहे हैं, बल्कि वह पार्टी की तरह काम कर रहे हैं। इसलिए अदालत कोई और कमिश्नर नियुक्त करे। प्रतिवादी पक्ष के याचिका पर अदालत ने वादी और एडवोकेट कमिश्नर को उनका पक्ष दाखिल करने के लिए कहा था।

दिल्ली निवासी राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने 18 अगस्त 2021 को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित श्रृंगार गौरी में नियमित दर्शन पूजन को लेकर न्यायालय में याचिका दाखिल किया था। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत में याचिका दायर कर महिलाओं ने काशी विश्वनाथ धाम-ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी और अन्य विग्रहों को 1991 के पूर्व स्थिति की तरह नियमित दर्शन-पूजन की मांग की है।

**आपत्ति का किया जोरदार विरोध:** जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन अदालत के आदेश का अनुपालन कराने को तैयार हैं। कमीशन कार्यवाही शुरू होने के बाद सर्वे कमिश्नर को बदलने की मांग का विरोध किया। वादी पक्ष की तरफ से सुधीर त्रिपाठी, सुभाषनंदन चतुर्वेदी, शिवम गौड़, अनुपम द्विवेदी, मदनमोहन ने अंजुमन इंतजामिया की आपत्ति का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह कमीशन की कार्यवाही रोकने का प्रयास है। पहले कमीशन की रिपोर्ट कोर्ट में आए फिर उस पर आपत्ति की जा सकती है या दूसरे सर्वे कमीशन की मांग की जा सकती है। सुनवाई के दौरान नियुक्त सर्वे कमिश्नर अजय मिश्र, वादिनीगण, जितेंद्र सिंह बिशेन के अलावा सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला: सभी मामलों का निपटारा 4 महीने में निपटाएं**

इलाहबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि सभी अर्जियों को जल्द से जल्द निपटाएं। कोर्ट ने आगे कहा- सभी मामलों का निपटारा 4 महीने में कर लिया जाए।

हिन्दू पक्षकार की ओर से याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में मांग की गई थी कि मुकदमे की सुनवाई हर रोज हो।

### कोर्ट की 5 बड़ी बातें

- ज्ञानवापी सर्वे के दौरान वादी, प्रतिवादी, एडवोकेट, एडवोकेट कमिश्नर और उनके सहायक व सर्वे से संबंधित और कोई नहीं होगा।
- कमिश्नर कहीं भी फोटोग्राफी के लिए स्वतंत्र होंगे। चप्पे-चप्पे की वीडियोग्राफी की जाएगी।
- जिला प्रशासन ताले को खुलवाकर या ताले को तुड़वाकर भी सर्वे कराएगा। डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी मॉनिटरिंग करे।
- सर्वे पूरा कराने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी डीएम, पुलिस कमिश्नर की होगी।
- जिला प्रशासन बहाना बनाकर सर्वे की कार्रवाई को टालने का प्रयास नहीं करेंगे।

### ताज मामले में हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी



**ताजमहल** के दरवाजे खुलवाने की मांग पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि क्या हम जजों को इसी तरह के केस सुनने की ट्रेनिंग दी गई है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह की याचिका पर कोर्ट ने कहा- कल आप कहेंगे जज रूम में जाना चाहते हैं, तो क्या आपके कहने पर कोर्ट रूम खोल देंगे? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को कहा कि पहले जाकर ताजमहल पर रिसर्च करो और फिर आओ। कोर्ट ने कहा कि रिसर्च करने में कोई रोके, तो मुझे बताना।

## उत्तराखंड: अंत्योदय कार्ड धारक को हर साल मिलेंगे 3 सिलेंडर मुफ्त



**देहरादून: मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तराखंड** कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 7 प्रस्ताव रखे गए। इनमें सभी प्रस्तावों पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार चुनाव के दौरान जनता से किये वादे पर खरी उतरने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री धामी की कैबिनेट ने निर्णय लिया कि सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को हर साल 3 गैस सिलेंडर मुफ्त दी जाएगी।

कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय: प्रदेश के सभी अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को साल में तीन गैस सिलेंडर सरकार देगी। इस तरह 1,84,142 कार्ड धारकों को मिलेगा लाभ। 55 करोड़ किसानों को गेहूं पर प्रति क्विंटल 20 रुपये का बोनस। गन्ना चीनी विभाग मूल्य भुगतान के लिए सरकार व्यवस्था करेगी।

## पुरानी पेंशन का मुद्दा: प्रदर्शन करेंगे केंद्रीय कर्मी

**नई दिल्ली:** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के महासचिव और रक्षा मंत्रालय की जेसीएम-2 लेवल काउंसिल के सदस्य मुकेश सिंह ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली की मांग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने पीएम को कई सुझाव दिए हैं। एनपीएस यानी नई पेंशन योजना को खत्म करने की बात कही गई है। साथ ही कर्मचारी नेता ने यह भी कहा है कि केंद्र सरकार अगर एनपीएस को खत्म नहीं करना चाहती, तो उसे कर्मियों को शर्तिया न्यूनतम पेंशन जो कि अंतिम वेतन का आधा हो, प्रदान करनी होगी। इतना ही नहीं, इसे महंगाई राहत भत्ते से जोड़ना होगा। अगर केंद्र सरकार जल्द ही ये मांग पूरा नहीं करती है, तो नवंबर में दिल्ली, केंद्रीय कर्मियों की दहाड़ सुनेगी। देशभर के लाखों केंद्रीय कर्मी, राष्ट्रीय राजधानी में हल्लाबोल करेंगे।

**आदर्श नियोक्ता एवं संरक्षक की भूमिका निभाए सरकार:** बीपीएमएस के महासचिव मुकेश कुमार ने गत सप्ताह ही पीएम को यह पत्र लिखा था। इनमें उन्होंने कहा है कि जिन केंद्रीय कर्मियों को एनपीएस में शामिल किया गया है।

## राजीव कुमार होंगे देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त




**नई दिल्ली:** राजीव कुमार देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। न्याय एवं विधि मंत्रालय ने गुरुवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग के सबसे वरिष्ठ आयुक्त राजीव कुमार को इस पद पर नियुक्त किया है। वे 15 मई को सीईसी का पद संभालेंगे। गौरतलब है कि मौजूदा सीईसी सुशील चंद्रा का कार्यकाल 14 मई को पूरा हो रहा है। **कौन हैं राजीव कुमार ?:** राजीव कुमार का जन्म 19 फरवरी, 1960 को हुआ था। वे 1984 बैच के आईएएस अफसर हैं। उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में 36 साल तक काम किया। केंद्र के कई मंत्रालयों के अलावा उन्होंने अपने बिहार-झारखंड कैडर में भी लंबे समय तक सेवाएं दीं।

## यूपी के मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मदरसों में अब पढ़ाई से पहले राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है। यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड परिषद ने इसका आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश मान्यता प्राप्त, अनुदान पाने वाले और अनुदान नहीं पाने वाले सभी मदरसों पर लागू होगा। कक्षाएं शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना के समय राष्ट्रगान होगा। रमजान और ईद की छुट्टियों के बाद गुरुवार यानी आज से सभी मदरसे खुल चुके हैं। 14 मई से मदरसों में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

**बोर्ड मीटिंग में लिया गया था ये फैसला:** मदरसों में राष्ट्रगान का फैसला यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की बैठक में 24 मार्च को लिया गया था। इसे गुरुवार को रजिस्ट्रार निरीक्षक एसएन पांडेय ने जारी किया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 के स्कूल खुलने पर ही राष्ट्रगान कराने का फैसला किया गया था। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने पर यह फैसला लागू कर दिया जाएगा।

**14 से 23 मई तक होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं:** यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 14 से 23 मई के बीच होंगी। लखनऊ के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जगमोहन की ओर से सभी मदरसों को परीक्षा कार्यक्रम भेजा गया है। इसमें परीक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अरबी, फारसी की 2022 की परीक्षा 14 मई से शुरू होगी। पहली पाली सुबह 8 से 11 बजे तक और सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे के बीच होगी। सभी मदरसों से कहा गया है कि अपने यहां पढ़ने वाले छात्रों को समय सारणी के बारे में जानकारी दें।

## प्रतिदिन 50 किमी की रिकॉर्ड गति से सड़क निर्माण का लक्ष्य : गडकरी



**नई दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रतिदिन 50 किमी की रिकॉर्ड गति से 18 हजार किमी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य है। केन्द्रीय मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। कुल मिलाकर वर्ष 2025 तक 2 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय सड़कें आत्मनिर्भर भारत की आत्मा हैं। इसके लिए जरूरी है कि समयबद्ध और लक्ष्य केन्द्रित निर्माण किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर : दफ्तर में घुसकर कश्मीरी पंडित की गोली मारकर की हत्या

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में गुरुवार को आतंकियों ने तहसीलदार कार्यालय में घुसकर कश्मीरी पंडित कर्मचारी को गोली मार दी। इससे वह लहूलूहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। अचानक हुई दफ्तर में फायरिंग से कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। आतंकियों के मौके से फरार होने के बाद अन्य ने घायल कर्मचारी राहुल भट को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद उन्हें श्रीनगर रेफर कर दिया गया।

## सरकारी योजना के लाभार्थी से संवाद में भावुक हुए पीएम




**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में से एक की बेटी से बात करते हुए भावुक हो गए और उनका गला भर गया। एक संक्षिप्त विराम के बाद उन्होंने कहा, बेटी आपकी भावनाएं आपकी ताकत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भरूच में आयोजित 'उत्कर्ष समारोह' में गुजरात सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान एक नेत्रहीन लाभार्थी अयूब पटेल से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने उनकी बेटियों की शिक्षा के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी उनकी बड़ी बेटी आल्या के डॉक्टर बनने के सपने के बारे में सुनकर भावुक हो गए। बेटियों के सपनों को पूरा करने के लिए किसी भी प्रकार की मदद का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा, बेटियों का सपना पूरा करना और कोई भी कठिनाई होने पर मुझे बताना। वृद्ध सहाय योजना के लाभार्थी अयूब की बेटी आल्या ने कहा कि वह पिता के बीमारी को देखकर डॉक्टर बनना चाहती है। वह ग्लूकोमा से पीड़ित हैं। इतना कहने के बाद वह भावुक हो गई। यह नजारा देखकर स्वयं प्रधानमंत्री भी कुछ क्षणों के लिए स्तब्ध हो गये। उसके बाद प्रधानमंत्री ने उनसे कहा, बेटी तुम्हारी संवेदना ही आपकी ताकत है। प्रधानमंत्री ने यह भी पूछा कि उन्होंने और उनके परिवार ने ईद कैसे मनाई। उन्होंने लाभार्थी को कोरोना रोधी टीका लगवाने और अपनी बेटियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक महिला लाभार्थी से बातचीत की और उसके जीवन के बारे में पूछा और गरिमापूर्ण जीवन जीने के उसके दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। एक युवा विधवा ने अपने बच्चों को एक अच्छा जीवन देने की अपनी यात्रा के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि उन्हें छोटी बचत में शामिल होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को उनकी मदद करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने प्रधानमंत्री को एक विशाल राखी भेंट कर उनके स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना की और देश में महिलाओं की गरिमा और जीवन को आसान बनाने के लिए उनके द्वारा किए गए।

## हनुमानगढ़ : विहिप नेता पर जानलेवा हमला, इंटरनेट बंद



**जयपुर: राजस्थान** में पहले भरतपुर, फिर भीलवाड़ा और अब हनुमानगढ़ जिले में सांप्रदायिक तनाव ने गहलोत सरकार का सुख-चैन छीन लिया है। भीलवाड़ा के बाद अब हनुमानगढ़ जिले के नोहर कस्बे में बुधवार देर रात दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। एक समुदाय के लोगों ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस ने भादरा, नोहर और रावतसर में आगामी आदेश तक इंटरनेट बंद कर दिया। इस मामले में दोनों समुदाय के कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान में लगातार तीसरे दिन सांप्रदायिक हिंसा के मामले सामने आए हैं। हनुमानगढ़ जिले में विहिप नेता सतवीर सहारण के घायल होने का समाचार सुनते ही रात में ही हिंदू संगठनों ने सड़क पर जाम लगा दिया और समुदाय विशेष के व्यक्तियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे।

देर रात पुलिस ने लाठीचार्ज कर जाम खुलवा दिया।

## खबर संक्षेप

### राजस्व और पुलिस टीम पर हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** राजस्व और पुलिस टीम पर हमला करने वाले चार अभियुक्तों को शंकरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि बुधवार को शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के देवरा कोठी में राजस्व और शंकरगढ़ पुलिस की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। कार्रवाई चल ही रही थी कि नोकझोंक शुरू हो गई और कुछ लोगों ने राजस्व व पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान एक दरोगा की वर्दी फाड़ने के साथ महिला सिपाही के साथ भी बदसलूकी की गई। जानकरी पर आसपास के थानों की फोर्स मौके पर पहुंची तब जाकर मामला शांत हुआ। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं गुरुवार को शंकरगढ़ पुलिस ने नारीबारी के लोनी पार पुल के पास से देवरा निवासी रामकरण यादव पुत्र स्वर्गीय छोटे लाल यादव, विकास यादव पुत्र रामकरण यादव, विवेक यादव पुत्र रामकरण यादव, रूप सिंह यादव उर्फ विनय यादव को गिरफ्तार किया है।एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उपर्युक्त अभियुक्तों के खिलाफ धारा 147, 148, 149,186, 353,332, 427, 504, 447 व 7 क्रिमिनल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# नर्सिंग डे पर नाराज अभ्यर्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन, नियुक्ति पत्र न मिलने से हैं नाराज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के बाहर गुरुवार को सैकड़ों चयनित स्टाफ सिस्टर ग्रेड-2 के अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि चयन हुए कई माह बीत गए हैं उसके बाद भी अभी तक ज्वाइन नहीं कराया गया है।

मानसिक अवसाद की तरफ बढ़ रहे चयनित अभ्यर्थी इससे नाराज सैकड़ों अभ्यर्थियों ने लोक सेवा आयोग के बाहर अपने नियुक्ति पत्र दिए जाने की मांग की और विरोध-प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है की हम लोग ( स्टाफ नर्स / सिस्टर ग्रेड -2) चयनित अभ्यर्थी है, लेकिन 3 माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा किसी को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया है। यही नहीं संबंधित विभाग द्वारा कोई सूचना भी नही दी गई है। इससे अभ्यर्थियों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है । नियुक्ति पत्र न मिलने से चयनित अभ्यर्थी मानसिक अवसाद की तरफ बढ़ रहे हैं।



विरोध प्रदश्नन करते नाराज अभ्यर्थी

**3 अक्टूबर को आयोजित की गई थी परीक्षा :** लोक सेवा आयोग ने स्टाफ नर्स/सिस्टर ग्रेड-2 महिला/पुरुष परीक्षा- 2021 का अयोजन 3 अक्टूबर 2021 को किया था। यह परीक्षा प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद, गोरखपुर व मेरठ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की। इसमें 83564 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। विभिन्न श्रेणियों के लिए आयोजित की गई इस परीक्षा में कुल 301 4 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चयनित हुए। योग्य उम्मीदवार न मिलने से 1729 पद खाली रह गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट में हाल ही में दायर याचिका में रिक्त रह गए 1729 पदों को विज्ञापित करने पर रोक लगा दी है।

**परिणाम घोषित होने के बाद विवादों में आ गई थी भर्ती :**

ज्ञात हो कि उत्तरप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा स्टाफ नर्स भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। भर्ती प्रक्रिया के साथ अंतिम परिणाम घोषित करने के साथ ही यह भर्ती विवादों में आ गयी । प्रीति पटेल एवं अन्य द्वारा दाखिल याचिका में विभिन्न संस्थानों द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र को मान्यता न देना तथा कई अन्य रिट याचिकाओं में कटऑफ से ज्यादा अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम सफल परिणाम में शामिल न करना मुख्य विवाद है।

# कोरांव के सात गांवो में पंचायत सहायक के रिक्त पदों पर भर्ती के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ग्रामीणों को उनके गांव में ही सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने एवं सभी प्रकार के आवेदन करने तथा अन्य कार्यों के संपादन के लिए पंचायत सहायक डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती के निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में अधिकांश गांवो में पंचायत सहायक की नियुक्ति भी कर दी गई है। शेष रिक्त गांवो में भी सरकार ने पुनः आदेश जारी कर रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती कराने का निर्देश दिया है। जिसके क्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव दिनेश चंद्र पाठक ने कोरांव के कुल 6 रिक्त गांवो में ग्राम विकास अधिकारियों को पंचायत सहायक की भर्ती कराने के लिए पत्र लिखकर निर्देशित किया है। जिन ग्राम विकास अधिकारियों को

**ग्राम विकास अधिकारियों को एडीओ पंचायत ने लिखा पत्र**

सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने पत्र लिखकर निर्देशित किया है उनमें प्रकाश सिंह अकबर शाह, अभिषेक कुमार बंसीपुर, इंद्र बहादुर सिंह चिरांव, रत्योंरा करपिया, शशिलेंद्र सिंह कूदर, मोहम्मद हामिद लखनपुर, आशीष कुमार सिकरो शामिल हैं। कोरांव के सात गांवो में पंचायत सहायक के पद रिक्त हैं। जिन पर शीघ्र भर्ती कराने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि तथा चयन व नियुक्ति पत्र वितरण की तिथियां ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गई है। ग्रामवासी ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी से संपर्क कर आवेदन प्राप्त प्राप्त कर सकते हैं।

### किशोरी के साथ दुराचार करने वाले आरोपी के घर बुलडोजर पहुंचते ही मुल्जिम हाजिर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव में एक किशोरी के साथ एक सप्ताह पूर्व तीन युवकों ने सामूहिक दुराचार किया था। नामजद आरोपियों के घर जब पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंची तो एक आरोपी पुलिस के सामने हाजिर हो गया। शेष की तलाश जारी है न हाजिर होने पर उनके घरों पर बुलडोजर चलेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलईबाजार निवासनीय एक पन्द्रह वर्षीय किशोरी शौच के लिए दो मई को शाम को गयी थी जहां तीन युवकों ने जमीन पर पटख कर मुंह दाब कर सामूहिक बलात्कार किया था।और मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसपर किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में नौशाद पुत्र लंगर ,इबरान पुत्र मुक्कड तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि बार बार दबिश देने के बावजूद दुराचारियों के हाजिर न होने पर गुरुवार को दोपहर में जब मुल्जिमों के घर वह बुलडोजर लेकर पहुंचे तो बुलडोजर के खौफ से नौशाद पुत्र लंगर पुलिस को अपने को हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर मऊआइमा ने बताया कि यदि अन्य आरोपी थाने में हाजिर नहीं होते तो उनके घरों पर बुलडोजर चला दिया जाएगा।गांव में बुलडोजर के पहुंचने पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा के अंतिम दिन जुटी श्रोताओं की भीड़

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के अकोढ़ा के भिस्कुरी गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा के अंतिम दिन गुरुवार को व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पं0 विद्याधर त्रिपाठी ने सुदामा चरित्र और कृष्ण सुदामा प्रेम की मार्मिक कथा सुनाते हुए सभी को आह्लादित कर दिया।इस दौरान पानी परात को हाथ छुयो नहि,नैनन के जल सों पग धोये जैसे पद प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सुदामा की अगाध भक्ति और निश्कपट प्रेम की झांकी के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।इसके बाद भगवान का सधाम गमन,सुकदेव जी की विदाई और परीक्षित मोक्ष की मार्मिक कथा सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया।कथा व्यास ने कहा कि कथा श्रवण करने का कई प्रत्यक्ष और परोक्ष लाभ है जो मानव जीवन में हर प्रकार से हितकारी है। मुख्य यजमान शिमला देवी शुक्ला और रमाकांत शुक्ल ने कथा व्यास समेत सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित किया।





# जसरा बाजार में अचानक जलने लगी मारुती वैन



अखंड भारत संदेश

**जसरा।** प्रयागराज से अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे लोगों के मारुति वैन में भीषण आग लग गई। जिसमें बच्चों महिलाओं सहित ओमनी वैन में करीब 10 लोग सवार थे । गाड़ी में धुंआ देखकर ड्राइवर ने तत्काल गाड़ी रोक दी। आसपास के लोगों ने गाड़ी में बैठी सवारी व सामान को जल्दी जल्दी में बाहर निकाला। प्रयागराज के बेनीगंज निवासी सुजीत कुमार कोटार्य अपने परिवार के लोगों के साथ पांडर गांव के कोटवारन का पूरा अपने रिश्तेदार के यहां मिलने ओमिनी मारुति वैन से जा रहा था। जैसे ही वैन जसरा बाजार पहुंची थी कि अचानक उसके वायरिंग जलने लगे और गाड़ी से तेज धुंआ निकलने लगा। गाड़ी में धुंआ देख कर-के आसपास के लोगों ने दौड़ करके गाड़ी में सवार महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला तथा गाड़ी में रखा सामान भी बाहर कर लिया गया । देखते ही देखते गाड़ी पूरी तरह से आग की चपेट में आ गई । आग से जहां सुजीत कुमार हल्का सा झूलस गया हैं वहीं पर उनकी बुआ शिव देवी भी हल्की-फुल्की जल गई है । आग की सूचना के बाद सुजीत के रिश्तेदार भी कोटवारन का पूरा से घटनास्थल पर पहुंच गए तथा परिवार के बच्चों और महिलाओं को घर ले गये। घटना से कार में सवार लोगों के साथ बाजार के लोगों में भी भारी दहशत बनी रही । घटना की सूचना पाते ही गौहनिया चौकी इंचार्ज गौरव सिंह मय अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए । किंतु फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहुंचने में देर लगी तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। काफी देर बाद फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर जली हुई वैन को बुझाया गया। बताते चलें कि वैन पर बैठे सभी यात्री अपने रिस्तेदार के कोटवारन का पूरा चले गये।

### सैदाबाद बाजार में धू-धूकर जली कार



**सैदाबाद।** सैदाबाद बाजार में एक खड़ी कार में आग लग गई। आग लगते देख आस पास के दंग रह गए।वाराणसी से होकर प्रयागराज जा रहे कार सवारों ने वाराणसी मार्ग सैदाबाद बाजार में रुक कर लस्सी पीने दुकान पर चले गए। तभी अचानक खड़ी कार में आग लग गई। आस पास के लोग देखकर चौंक उठे व हड़कंप मच गया।दुकानदारों व ग्राहकों ने जलती कार के बगल खड़ी अपनी बाइक व व्हिकल्स को पास से हटाने लगे। ताकि आग की लपट पाकर आग भयंकर रूप न ले ले। आस पास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल टीम को दी। गनीमत रहा कि कार में जब आग लगी तो उस वक्त कोई भी व्यक्ति कार में सवार नहीं था। सभी सुरक्षित हैं। वहीं सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।

# संदिग्ध परिस्थिति में शिक्षक की मौत, खुदकुशी की आशंका

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** ईश्वर शरण इंटर कॉलेज के एक शिक्षक की लाश सरायइनायत थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में मिली कॉलोनी वासियों को इस बात की जानकारी तब हुई जब मृतक के रिश्तेदार उससे मिलने पहुंचे। दरवाजा तोड़ लोग अंदर गए तो शिक्षक का शव जमीन पर पड़ा था उसके पास देसी शराब की दो खाली बोतल व एक आधी बोतल के साथ जहर का एक पाउच भी पड़ा था। जिससे खुदकुशी की आशंका जाहिर की जा रही है। मूलतः आजमगढ़ के रहने वाले प्रज्ञा भारती 30 ईश्वर शरण इंटर कॉलेज में विज्ञान के अध्यापक थे। वह सरायइनायत के अन्दाव स्थित एक अपार्टमेंट में रहते थे। प्रज्ञा के पिता राजकुमार गोहाटी में केंद्रीय विद्यालय में प्रधानाचार्य है। बताया जाता है कि प्रज्ञा के पिता राजकुमार गुरुवार की सुबह प्रज्ञा को फोन कर रहे थे पर उसका फोन नहीं उठा था उन्होंने वाराणसी रोहनिया निवासी अपने दामाद व समझी को प्रज्ञा के अपार्टमेंट में भेजा जहां

**शव के पास शराब की खाली बोतल व जहर का खाली पाउच मिला**

दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार बुलाने के बाद जब दरवाजा नही खुला तो प्रज्ञा के बहनोई ने गार्ड को सूचना दी अपार्टमेंट में रहने वाले और भी लोग मौके पर जमा हो गए किसी तरह दरवाजा तोड़ लोग अंदर गए तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। बेड के बगल में जमीन पर प्रज्ञा का शव पड़ा हुआ था पास में दो देसी शराब की खाली बोतल व एक आधी भरी हुई बोतल के साथ ही जहर एक खाली पाउच पड़ा था। मौके पर आए रिश्तेदार प्रज्ञा के खुदकुशी का कारण नहीं बता पा रहे थे। देर रात गोहाटी से जब मृतक के पिता मौके पर पहुंचे तब पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। जनवरी में हुई थी शादी : प्रज्ञा की शादी बीते 25 जनवरी को आजमगढ़ की शिखा से हुई थी अपार्टमेंट में वह पत्नी शिखा व माँ जनवती देवी के साथ रहता था दो माह पूर्व पत्नी अपने मायके व उसकी माँ भी पैतृक गांव चली गई। प्रज्ञा अपार्टमेंट में अकेला ही रह रहा था।

## न्यूज झरोखा

### बिजली विभाग का छापा, लाखों का हुआ राजस्व वसूली



**सहसों।** सहसों बाजार में बिजली विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही किया गया। दर्जनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए लाखों रुपए की वसूली किया गया। प्रबंध निदेशक वाराणसी के निर्देश पर प्रवर्तन दल प्रयागराज व आठ विद्युत केंद्र के कर्मचारियों की मौजूदगी में गुरुवार को जांच अभियान चलाया गया। जिसमें 60 किलो वाट की चोरी पकड़ी गई। 25 लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए 6 लाख रुपए राजस्व की वसूली किया गया। एसडीओ झूसी पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में मलावां जेई इंद्रेश यादव, भानु प्रताप, जंग बहादुर, अवधेश कुमार वर्मा, अक्षय कुमार राठौर आदि लोग मौजूद रहे। विद्युत दल की कार्रवाई की सूचना मिलते ही पूरे सहसों बाजार में हड़कंप मच रहा।

### कैबिनेट मंत्री का सहसों में हुआ जोरदार स्वागत



**सहसों।** अपना दल एस के राष्ट्रीय प्रभारी व उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का सहसों चौराहे पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा गुरुवार को 51 किलो का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने सहसों चौराहे पर पहुंचकर चौराहे पर स्थापित छत्रपति शाहूजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए आयोजित सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कार्यकताओं को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। मौके पर पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी, पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल, विधायक वाचस्पति सहित आदि नेताओं ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस मौके पर सावंत सिंह, डॉ विक्रम सिंह पटेल, लालचंद पटेल, विजय सिंह, कुलदीप आदि लोग मौजूद रहे।

### कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का प्रतापपुर में भव्य स्वागत




**प्रतापपुर।** प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आशीष पटेल के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र मुहीउद्दीनपुर मे प्रथम आगमन पर अपना दल के नेताओं एवं कार्यकताओं पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं के बेहद हर्षोल्लास एवं स्वागत अभिनंदन के लिए आशीष पटेल उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लोगों को बताया।जगह-जगह होर्डिंग पोस्टर लगाकर सम्मान के लिए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूरी तरह से तन्मयता से जुटे नजर आए। स्वागत समारोह में पूर्व मंत्री डाक्टर राकेश धर त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, रामलखन पटेल, नागेंद्र पटेल, श्यामराज पटेल, जंगबहादुर पटेल, डाक्टर इमाम सहित तमाम नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने बांटा बैग,खिले बच्चों के चेहरे



**शंकरगढ़।** देश की अग्रणी कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड बारा द्वारा गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर शंकरगढ़ में दर्जनों बच्चों को स्कूली बैग का वितरण किया गया। इस मौके पर कंपनी के जनरल मैनेजर एचआर हेड ललन सिंह के हाथों बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए।कंपनी के एचआर हेड ललन सिंह ने बताया कि आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा समाज में धार्मिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हमेशा योगदान दिया जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहन संस्कार युक्त शिक्षा पाकर पूरे देश विदेश में समाज को एवं देश को विकसित बनाने में महान योगदान दे रहे हैं मैं बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं एवं विद्यालय को कंपनी द्वारा और जो भी मदद होगी करवाने की कोशिश करता रहूंगा। मौके पर लल्लन सिंह के साथ उनके सहयोगी संजीव कुमार, राघवेंद्र सिंह विद्यालय परिवार के आचार्य परिवार शिवम शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, पुष्पा, राहुल, राज जी, लक्ष्मी, विजय, जानवी, पूजा सिंह एवं अभिभावकों में अजीत केसरवानी, प्रीति सिंह आदि लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामानुज गुप्ता द्वारा विद्या भारती द्वारा किए जा रहे विविध क्षेत्रों के कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया गया एवं कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### योमेन्द्र पटेल दर्जनों समर्थकों संग अपना दल से जुड़े




**हनुमानगंज।** अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कबीना मंत्री आशीष पटेल के जनपद प्रथम आगमन पर स्वागत की कड़ी में अंदावा में युवा नेता योमेन्द्र प्रताप सिंह पटेल के नेतृत्व में भारी समर्थकों के बीच किया गया। आशीष पटेल ने योमेन्द्र पटेल व उनके दर्जनों समर्थकों हेमंत सिंह पटेल, मनोज सिंह पटेल, आलोक सिंह, अभिषेक सिंह, महेश सिंह, पिंटू, दीपक, बलवंत, रवि, अतुल, शुभम, विवेक, सुधांशु, धीरज, राजू, प्रहलाद, विकास आदि को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी, पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल, विक्रम सिंह पटेल, सावंत सिंह पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भटौती में ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा के भटौती मे ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पहुंच गए। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेना चाहा लेकिन नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के भटौती (सपहा) गांव निवासी जिगरा निषाद (26) पुत्र ताराचन्द्र निषाद गुरुवार की दोपहर भटौती क्रशर प्लांट से बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही वह भटौती चौराहे के पहले एक ढाबे के पास पंहुचा ही था की उसकी बाइक गिट्टी लदे ट्रक से टकरा गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी पर परिजन रोते बिलखते पंहुच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की सुचना पर एसडीएम मेजा विनोद कुमार पाण्डेय व सीओ मेजा अमिता सिंह पहुंच आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। मेजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी में जुटी हुई है। वहीं मृतक जिगरा को दो साल का पुत्र है पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।



# मुंबई से घर के लिए निकला युवक लापता

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा का एक युवक मुम्बई में रहकर नौकरी करता है। वह ट्रेन से घर आ रहा था। जहां रास्ते से ही लापता हो गया। परिजन युवक से सम्पर्क करने की कोशिश में लगे हुए हैं, लेकिन लापता युवक का मोबाइल कवरेज एरिया से बाहर आ रहा है। इससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।मेजा थाना क्षेत्र के खानपुर का रहने वाला सोहित यादव पुत्र रामाश्रय यादव मुम्बई में रहकर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करता है। वह सोमवार को ट्रेन बैठा और परिजनों को घर आने की खुशी दी। लेकिन यह खुशी कब गम में बदल जाएगी,इसका अंदाजा किसी को न था। और ठीक यही हुआ।हुआ यूं कि युवक मंगलवार को नैनी छिवकी जंक्शन पहुँच कर ट्रेन से उतरा और परिजनों को पुनः जानकारी दिया।सके बाद युवक लापता हो गया। युवक का मोबाइल कवरेज एरिया से बाहर मिल रहा है। इससे परिजनों काफी परेसान हो गए हैं। परिजनों ने नात रिश्तेदारों सहित सम्भावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगाया जा सका। वहीं लापता युवक के पिता ने मेजा थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। जबकि मामले में मेजा के एसएचओ धीरेंद्र सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गहराई से जांच की जाएगी।



# जसरा सभागार में हुई किसान गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित विकास खंड जसरा के सभागार में इफ्को किसान गोष्ठी में नैनो यूरिया का कैसे उपयोग करें के संबंध में विस्तृत जानकारी इफ्को के एरिया मैनेजर डा०विवेक दीक्षित ने उपस्थित किसानों को नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। कार्यक्रम के प्रभारी नोडल अधिकारी/अपर जिला सहकारी अधिकारी बारा संजय पांडेय ने कहा कि नैनो यूरिया के प्रयोग से लागत कम आती है और भूमि की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। यह पौधों के पोषण में सहयोगी है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ती है और यह दोनों फसलों के लिए बेहद मुफीद साबित हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता के पुरोधा/समाजसेवी अनिल मिश्र व संचालन सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर एडीओ एजी जमालुद्दीन अंसारी, शाखा प्रबंधक संदीप सोनकर, आशीष सिंह, ज्ञानेन्द्र पाठक, अश्वनी द्विवेदी, हजारीलाल सिंह, प्रणय सिंह, शिवमोहन सिंह, विजयराज यादव, रामनाथ पटेल, शम्भू नाथ केसरवानी, लक्ष्मण सिंह,राजबहादुर, रामसहोदर, ज्ञानेंद्र, गुलाब सिंह, दिनेश सिंह, ओमप्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### अध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** अंदावा में एक अध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अध्यापक के शव पास मिले जहर से तरह-तरह की चचाएँ रहीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, 31 वर्षीय प्रज्ञा भारती पुत्र राजकुमार मूलरूप से आजमगढ़ के सठिअहवां गांव के निवासी थे। फूलपुर के सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित रुद्रा अपाटमेंट में रहते थे।

गुरुवार को उनके रिश्तेदार जब अपार्टमेंट में पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब प्रज्ञा ने अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं की तो इसकी जानकारी रिश?तेदारों ने कालोनी के लोगों को दी। जानकारी होने पर कालोनी के लोग जुट गए। अपार्टमेंट के गार्ड ने पेचकस से किसी प्रकार सिटकनी गिराकर दरवाजा खोला तो अंदर का दृश?य देख हैरान हो गए। अंदर बिस्तर से नीचे प्रज्ञा भारती का शव पडा.था। इसकी सूचना कालोनी के लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे के सामानों की तलाशी ली। वहां एक शराब की बोतल और जहर का पाउच मिला। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्रज्ञा ने जहर निगल कर जान दी है। पुलिस ने आजमगढ़ में प्रज्ञा के परिवार के लोगों को सूचना दे दी है। पुलिस उनके आने का इंतजार कर रही है। बताया जाता है कि पिछले एक वर्ष से प्रज्ञा भारती अपार्टमेंट में रह रहे थे। इसी वर्ष जनवरी में उनकी शादी हुई थी। पिछले कुछ दिनों से परिवार से वे अकेला ही रह रहे थे। अध्यापक के शव के पास मिले जहर व शराब की बोतलों से मामला आत्महत्या का लग रहा है। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

# निराश्रित बालक - बालिकाओं की देखभाल में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा : जिलाधिकारी

## बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष को चेतावनी सहित कड़ी नाराजगी व्यक्त की



निरीक्षण करते जिलाधिकारी



बाल गृह में निरीक्षण के दौरान चिप्स देते जिलाधकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को बाल कल्याण समिति, राजकीय बाल गृह बालिका, राजकीय महिला शरणालय, राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर खुल्दाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा से जानकारी ली कि कितने आवेदन अभी तक आयें तथा कितने का निस्तारण किया गया, जिस पर बाल कल्याण समिति के अखिलेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि कुल 462 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें 426 का निस्तारित किया गया है, बाकी अवशेष आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने रजिस्टर वाइज फाइलों का स्टेटस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर संसाधन आदि की जानकारी ली तथा रिपोर्ट कितने दिनों में प्रेषित की जाती है कि जानकारी लेते हुए पूछा कि पिछले एक सप्ताह में कितने बच्चे आये है। सही उत्तर न दे पाने के कारण कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जो भी बच्चे आ रहे रहे, उनकी समस्याओं को गम्भीरता से लिया जाये, शिकायत मिली तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने वहां पर रह रहे लोगो के लिए दवाईयों की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा बालक/बालिकाओं से पूछा भी कि सही समय पर नाश्ता, खाना तथा रहने आदि की कोई दिक्कत आदि तो नहीं है। उन्होंने वहां पर बच्चों के लिए पढ़ने की विशेष व्यवस्था तथा खेलने के लिए व्यवस्था किये जाने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने वहां पर 0-10 साल के बच्चों से मिले तथा चिप्स एवं टाफी भी वितरित किया तथा उन्होंने चिकित्सीय टीमों की जानकारी ली कि कितने दिनों में स्वास्थ्य विभाग की टीम आती है परीक्षण करने, जिस पर डीपीओ द्वारा बताया गया कि 04 दिन बाल विशेषज्ञ एवं 3 दिन अन्य डॉक्टर आते है। उन्होंने वहां पर उपस्थित बच्ची रेखा आयु 13 वर्ष से बात की तथा उसने पढ़ने में रूचि जाहिर की, जिसपर जिलाधिकारी ने पढ़ाई की विशेष व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने खाने और नाश्ते आदि की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा, जो भी मीनू है, उसके अनुसार नाश्ते एवं खाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा जो भी बच्चे अपने माता-पिता से बात करना चाहते है, उन्हें उनसे बात भी कराया जाये तथा अपर उपजिलाधिकारी श्रीमती रेनू को निर्देशित किया कि 15 दिनों पर निरंतर निरीक्षण करें तथा वास्तविक स्थिति से अवगत कराये तथा कुछ बच्चिया बीमार थी, जिन्हें समुचित उपचार कराये जाने का निर्देश डीपीओ श्री पंकज मिश्रा को दिया है तथा डीपीओ को सप्ताह में एक बार निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये है। मनोरंजन कक्ष में निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिलने पर जमकर फटकार लगायी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सुधार करने के निर्देश भी दिये है। उन्होंने ग्राउण्ड फ्लोर जिसपर 0-10 साल तक के बालक/बालिकाएं थी, उसका निरीक्षण किया तथा प्रथम तल जिसमें 10 से 18 साल तक की लड़किया थी, उनसे मिले तथा जानकारी ली। द्वितीय तल जिसमें निराश्रित महिलाएं रहती है, उसका भी निरीक्षण किया। तृतीय तल जिसमें अपराधिक प्रवृत्ति के बच्चे रहते है, उनकी जानकारी ली तथा सख्त निर्देशित किया कि जो भी निराश्रित बालक/ बालिकाएं है, उनकी देखरेख में उदासीनता या लापरवाही कत्तई क्षम्य नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी श्रीमती रेनू, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज राव सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने मुख्य सरगना सहित 6 सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

### मुख्य सरगना जुड़ा है राजस्थान से आईपीएल में लगाता है पैसा

**प्रयागराज।** एसटीएफ की ओर से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्?टा लगाने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। गैंग सरगना सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्?टे का 3 लाख 16 हजार रुपये नगद, 16 अदद मोबाइल, टीवी, लैपटॉप व अन्य उपकरण बरामद किये गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि राजस्थान से इन्हें मुख्य लाइन मोबाइल से प्राप्त होती है। जिससे आईपीएल में सट्?टेबाजी का खेल शुरू हो जाता था।

**गिरफ्तार विकास के मोबाइल पर पता चलता था भाव :** पूछताछ करने पर गैंग के सरगना विकास केसरवानी ने बताया कि उसका सट्?टा कारोबार का एक सक्रिय गैंग है। जो आईपीएल मैच के दौरान सट्?टेबाजी का कारोबार करता है। उसने बताया कि राजस्थान से लाइन प्राप्त कर प्रयागराज में आईपीएल मैच सट्?टेबाजी का संचालन करता है। प्रयागराज में इसका ओटीपी मेरे मोबाइल पर आता था। इससे भाव बताकर सट्टे का बड़े पायमाने में वसूली की जाती थी।

**सभी आरोपियों का बंटा था काम :** पूछताछ के दौरान विकास ने बताया कि अंबर कुमार यादव गैंग का मैनेजर व शुभेंद्रु और हिमांशु इनके सहयोगी है। रंजीत यादव व शिवम चौरसिया द्वारा सट्?टे में हार–जीत के रुपयों का कलेक्शन किया जाता है तथा सट्?टे के नाम पर इन लोगों द्वारा कुछ सट्?टा खेलने वालों को धोखा देकर उनकी रकम भी हड़प ली जाती है। सट्?टे में इन लोगों का सहयोग धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया जाता था। जिसके एवज में उन्हें अच्छी खासी रकम मिलती है।

**मुखबिर की सटीक सूचना पर हत्थे चढ़े आरोपी :** प्रयागराज एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि जार्जटाउन थाना अंतर्गत टैगोर टाउन के मकान नंबर 31 में आईपीएल मैच में सट्?टा खिलाने का किया जा रहा है। पुख्ता सूचना पर एसटीएफ टीम के निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, उप निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय, धर्मेंद्र सिंह, रणेन्दु कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी अभिषेक मिश्रा, विकास तिवारी सहित एक दर्जन टीम के सदस्यों ने अचानक मकान में छापेमारी की तो मुख्य सरगना सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**इन आरोपियों की हुई है गिरफ्तारी :** विकास केसरवानी पुत्र स्व.कन्हैया लाल केसरवानी सर्वोदय नगर अल्लापुर, थाना जार्जटाउन प्रयागराज, अंबर कुमार यादव उर्फ सौरभ पुत्र स्व. सुरेश कुमार यादव निवासी फतेहपुर बिछुआ टैगोर टाउन, थाना जार्जटाउन प्रयागराज,शुभेंद्रु प्रताप सिंह पुत्र भूपेंद्र प्रताप सिंह निवास संगम विहार, खरकौनी, थाना नैनी, प्रयागराज,हिमांशु शिवहरे उर्फ अभिषेक पुत्र ओम प्रकाश शिवहरे, निवासी सुभाष नगर गढ़िया, थाना कोतवाली फतेहपुर,रंजीत यादव उर्फ गोलू पुत्र दिलीप यादव फतेहपुर बिछुआ, टैगोर टाउन, थाना जार्जटाउन, प्रयागराज,शिवम चौरासिया पुत्र नंद लाल चौरासिया निवासी साजन गली, फाफामऊ बाजार, थाना फाफामऊ, प्रयागराज।




एसटीएफ के गिरफ्त में आईपीएल के सट्टेबाज

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** यूफोरिएल यूथ सोसाइटी के तत्वाधान में कुष्ठ रोगी आश्रम परेड ग्राउंड संगम रोड प्रयागराज में स्वरूप रानी के डॉक्टर के सहयोग से साथ यूफोरियल यूथ सोसाइटी के मेडिकल ऑफिसर मनोज त्रिपाठी जो कि डफरीन हॉस्पिटल में कार्यरत है उनके साथ मिल कर निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुष्ठ रोगियों को निःशुल्क दवाईयां बांटी गई। संस्था के अध्यक्ष देवेश जयसवाल ने बताया इससे पहले भी हम लोगो ने आश्रम में अनाज और वस्त्र वितरण का कार्य किया है और हर महीने अनाज आश्रम में पहुंचाते हैं?। यूफोरियल यूथ सोसाइटी के उपाध्यक्ष अनीश पांडेय ने कहा आज के इस निःशुल्क स्वास्थ शिविर में परिवार के हर एक वर्ग के बच्चों, महिलाओं तथा आदमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपना मुफ्त इलाज करवाया और मुफ्त दवियायों का लाभ उठाया। शिविर मे सोसाइटी के अध्यक्ष देवेश जयसवाल, डॉक्टर मनोज त्रिपाठी ,अनीश पांडेय ,गगन सिंह आदि शामिल थे।



मुफ्त इलाज करते डॉक्टर

# निठारी कांड : सुरिंदर कोली की अपीलों पर सुनवाई 27 मई को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नोएडा के निठारी कांड के आरोपित सुरिंदर कोली और मनिंदर सिंह पंढेर की ओर से सजा के खिलाफ दाखिल अपीलों पर अगली सुनवाई 27 मई को होगी। उन दोनों की अपीलों की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र तथा न्यायमूर्ति समीर जैन की खंडपीठ कर रही है।सुरिंदर कोली औरर मनिंदर सिंह पंढेर पर बच्चियों से दुष्कर्म, हत्या, षड्यंत्र, अपहरण और साक्ष्य मिटाने सहित कई जघन्य अपराधों के आरोप हैं। गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने कई केस में उन दोनों को फांसी की सजा सुनाई है। सजा के खिलाफ दोनों ने हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की है। इससे पहले कोर्ट के आदेश पर मेडिकल जांच रिपोर्ट आरोपित को दी जा चुकी है। अब सजा के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई है।

### ग्यारह साल से जेल में बंद विचाराधीन बंदी की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 11 साल से अधिक समय से जेल में बंद विचाराधीन कैदी की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। उसे व्यक्तिगत मुचलके तथा दो प्रतिभूति पर रिहा करने का निर्देश दिया है। उस पर जानलेवा हमला करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने जालौन, उरई के अखिलेश की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता समाज को रोशनी दिखाते हैं। ऐसे मामलों में वकीलों की अहम भूमिका होती है। विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिये कानूनी सहायता दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि युवा अधिवक्ताओं को मदद में आगे आना चाहिए, ताकि विचाराधीन कैदियों को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा सके।

### कैदियों को मिलनी चाहिए उनके अधिकार की जानकारी

हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से पूछा था कि इतने लंबे समय से जेल में बंद विचाराधीन कैदी को उसके विधिक अधिकार की जानकारी दी गई या नहीं। सिर्फ इतना बताया कि 11 साल से जेल में बंद है। जबकि, सुप्रीम कोर्ट ने सौदान सिंह केस में कहा है कि जेल प्राधिकारियों का दायित्व है कि वह कैदी को उसके अधिकारों की जानकारी दें। किसी कैदी को छुड़ाने वाला कोई न हो तो विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिये कानूनी सहायता दी जाए।याची पर एक केस उस समय दर्ज किया गया जब वह जेल में बंद था। एफआईआर में नामित नहीं था। बाद में विवेचना के दौरान नाम आया। इस मामले में जेल अधिकारी भी आरोपित हैं। दो आरोपियों की जेल में ही मौत हो चुकी है। सह अभियुक्तों को जमानत मिल चुकी है।

# हॉस्पिटल में घुसकर अराजकतत्वों ने चिकित्सक को पीटा, तोड़फोड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मनबढ़ अराजक तत्वों ने निजी अस्पताल में घुस कर सर्जन और महिला डाक्टर से जमकर मारपीट किया, जिससे सर्जन का सर फट गया और महिला डाक्टर के भी हाथ में फ्रैक्चर हो गया। वहीं बीच बचाव में डाक्टर के बेटे को भी चोटें आई।घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारी बारी पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर घटी जहां पर डॉ. मुकेश पाण्डेय सरकारी अस्पताल में सर्जन हैं और उनकी पत्नी नारीबारी में खीरी रोड पर दीघार्यु नाम से एक निजी अस्पताल की संचालिका है। जहां आज शाम के वक्त चार पहिया वाहन से एक महिला और पांच छह अज्ञात लोग आए और डाक्टर दंपति के चैम्बर में घुस कर मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दिया। मारपीट में बीच बचाव करने आए डॉक्टर के पुत्र कार्तिक और स्टाफ उदय यादव को भी चोटे आई। अस्पताल संचालिका ने बताया कि अस्पताल के कैश काउंटर में रखे साठ हजार रूपए नगदी और अस्पताल के कुछ डॉक्यूमेंट व संचालिका की एक जंजीर भी उक्त लोगों ने छीन लिया गया। घटना की जानकारी होने के उपरांत मौके पर पहुंचे नारी बारी चौकी प्रभारी सन्तोष सिंह ने घायलों घायल चिकित्सक को इलाज के लिए सीएचसी शंकरगढ़ भेजा। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



अराजक तत्वों के हमले से घायल डॉक्टर


## आवश्यकता है -
## प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान

**653 फिरोजपुर उर्फ शेखपुर, फूलपुर टाउन, प्रयागराज। पिन नंबर-212402**

**स्नातक विज्ञान संकाय प्रवक्ता विषय हेतु-**

**विषय-** भौतिक विज्ञान - 01 पद, रसायन विज्ञान - 01पद, वनस्पति विज्ञान - 01पद, जंतु विज्ञान - 01पद, गणित - 01 पद

**योग्यता-** सम्बंधित विषय में एम0एस0सी0, नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अर्हता के अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करें।

**स्नातक कला संकाय प्रवक्ता विषय हेतु-**

**विषय-** राजनीति विज्ञान - 01 पद

**योग्यता-** नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अहर्ता के अभ्यर्थी उक्त पद हेतु आवेदन प्रेषित करें।

**वेतनमान-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम वेतन देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 1 सप्ताह के अंदर महाविद्यालय के उक्त पते पर आवेदन प्रेषित करें ।

Email id - arvindtripathi271@gmail.com

**सिद्धार्थ त्रिपाठी**
**प्रबंधक**
**मो0- 8707046593, 9452145821**


# बालू सप्लायर को सरेशाम मारी गोली, घायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर में नीम सराय धूमनगंज में गुरुवार शाम बालू सप्लायर उमैश अहमद (38) को गोली मार दी गई। पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया तो आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है। घटना के पीछे पुराना विवाद बताया जा रहा है।

**किराया वसूलने गया था तभी कर दिया फायर**

इस घटना के बारे में बताया गया कि उमरी गांव निवासी उमैश अहमद गुरुवार शाम करीब पांच बजे नीम सराय में किराएदार से किराया लेने के लिए आया था। आरोप है कि इसी दौरान वहां बमरौली के कुछ युवक आ गए। फिर सबने गाली-गलौज करते हुए पिटाई शुरू कर दी। तभी किसी ने तमंचे से फायर किया, जिससे उमैश के पैर में गोली लग गई। फायरिंग की आवाज सुन मोहल्ले वाले बाहर निकले तो हमलावर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

**बच्चों के विवाद में बीच-बचाव करने पर हमले का शक**

गोली मारे जाने की खबर मिलने पर वहां पहुंची धूमनगंज थाने की पुलिस ने छानबीन करते हुए जख्मी उमैश को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। चौकी इंचार्ज टीपी नगर विपिन यादव का कहना है कि पूछताछ में पता चला है कि चार मई को बमरौली में बच्चों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें बीच बचाव उमैश ने किया था। अब इसी विवाद में घटना की बात कही जा रही है। डाक्टरों ने फायर आर्म इंजरी नहीं बताई है, लेकिन हाथ-पैर में चोट लगी है। हवाई फायरिंग की बात पड़ोसियों ने कही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। धूमनगंज में कुछ दिन पहले मीरा पट्टी में दो लोगों की गोली मारकर हत्या की वारदात के बाद से पुलिस को खासी सावधानी बरतने के लिए कहा गया है ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 1 दारोगा और 3 आरक्षियों को निलंबित कर दिया है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। एसएसपी ने जुआरियों-सट्टेबाजों, ऑनलाइन सट्टेबाजों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए कई बार निर्देशित किया गया था। फिर भी प्रभावी कार्यवाही करने में घोर लापरवाही बरती गई।ऐसे आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर चौकी प्रभारी टैगोर टाउन मनीष जायसवाल, आरक्षी राहुल चौहान, आरक्षी अनीश कुमार, आलोक मिश्रा को निलंबित किया गया है। इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। उपरोक्त लापरवाही के अलावा, कार्यों में स्वेच्छाचारी रवैया अपनाने के कारण एसओजी के मुख्य आरक्षी आलोक मिश्रा को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर इन सभी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

## अपराधियों से साठ-गांठ रखने वाले दण्डित होंगे

प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार का कहना है कि यह घटना उन पुलिसवालों के लिए सीख है कि आपराधिक प्रवृत्ति के पुलिसकर्मियों, अपराधियों से साठ-गांठ रखने वाले, महिलाओं, नाबालिग बच्चियों तथा बच्चों से संबंधित मामलों में जान बूझकर लापरवाही, आलस्य, ढुलमुल रवैया बरतने वाले पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही होगी। कानून-व्यवस्था का पालन न करने वाले और कानून को अपने हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा फिर चाहे वो पुलिस डिपार्टमेंट का ही बंदा क्यों न हो। इसके अलावा विभाग में मनमर्जी से काम करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरी जिरौहा वि0खं0 कोरांव प्रयागराज

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सेमरी जिरौहा विकासखंड कोरांव जनपद प्रयागराज में 14वां वित्त, 15 वा वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, पाइप खडजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन, सफाई किट व सामुदायिक शौचालय का निर्माण आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे इंटरलॉकिंग ईंट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एसएल डब्ल्यूएम, सरिया, स्टोन, पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा, पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त कार्य, कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, मास्क, सेनीटाइजर, स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण मरम्मत एवं अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण एवं मरम्मत एवं भूसा आपूर्ति प्रशासनिक ब्यय प्रधान मानदेय आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 14मई2022 से दिनांक 18मई2022 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 21मई 2022 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी। उक्त निविदा वर्ष 2022 में कराए जाने वाले समस्त विकास कार्य हेतु प्रभावी होगी।

**शान्ती देवी**
**(ग्राम प्रधान )**
**ग्रा0 पं0 सेमरी जिरौहा**
**वि0खं0 कोरांव प्रयागराज**

**सुनील कुमार सरोज**
**(ग्राम पंचायत सचिव )**
**ग्रा0 पं0 सेमरी जिरौहा**
**वि0खं0 कोरांव प्रयागराज**

# निरीक्षण में एडी को जिला अस्पताल में मिली खामियां

## महिला अस्पताल के वाटर कूलर और व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए अपर निदेशक

### सफाई, बिजली, पानी सुविधाओं को बेहतर बनाने का निर्देश



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते अपर निदेशक डा0 विमलेन्दु शेखर।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर निदेशक स्वास्थ्य प्रयागराज मंडल प्रयागराज डाक्टर विमलेंदु शेखर गुरुवार को राजा प्रताप बहादुर महिला और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। महिला अस्पताल में वाटर कूलर और अन्य व्यवस्था से संतुष्ट दिखे।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी की सरकार फार्म में है। खासकर चिकित्सा संबंधी सुविधाओं को पहले से बेहतर बनाने में उसके मंत्री कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहें हैं। मरीज को हर वो सुविधाएं मिलनी चाहिए जिसको सरकार मुहैया करा रही है। इसकी हकीकत खंगालने कुछ दिन पहले दौरे पर आए वन और पर्यावरण मंत्री डाक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने अस्पतालों का दौरा किया था। उन्होंने कुछ चीजों में सुधार की बात कही थी।

उसका फलोअप जानने आए अपर निदेशक स्वास्थ डाक्टर विमलेंदु शेखर ने महिला में ओटी, एसएनसीयू वॉर्ड देखा। उसके बाद सीएमएस डाक्टर रीना प्रसाद के साथ डाक्टर और स्टाफ की मीटिंग ली। जिसमें स्वास्थ योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया। पुरुष अस्पताल में मेडिसिन और बाल रोग विभाग को देखकर संतुष्ट नजर आए। लेकिन बाकी चीजें सही नहीं मिली। जिसमें उन्होंने सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमओ और सीएमएस, डाक्टर मनोज खत्री, डाक्टर अनिल गुप्ता समेत कई लोग मौजूद मिले।

## 11 साल पुरानी यादें हुई ताजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एडी बनकर जिस पुरुष अस्पताल का निरीक्षण करने डाक्टर विमलेंदु शेखर आए थे। कभी वो इसी अस्पताल में ईएमओ हुआ करते थे। वर्ष 2011 में इनका ट्रान्सफर हुआ। फिर स्किन विशेषज्ञ हुए। ग्यारह साल बाद एडी बनकर पहली बार अस्पतालों का निरीक्षण करने आए डाक्टर शेखर को पुरुष अस्पताल के इंतजाम काफी नहीं दिखे। उनका कहना था कि जो सुविधाएं महिला को दी गई है वही पुरुष अस्पताल को भी शासन से प्रदत्त है, लेकिन काम के मामले में महिला अस्पताल ने तरक्की की है। उन्होंने राष्ट्रीय सहारा को बताया कि हालांकि मेडिकल कॉलेज बन जाने से तरक्की के अवसर खुल गए हैं। ग्यारह साल बाद वे अपने पुराने ईएमओ साथी वर्तमान सीएमओ एके श्रीवास्तव, डाक्टर मनोज खत्री, डाक्टर अनिल गुप्ता से मिले तो पुरानी यादें ताजा हो गई।

# रंजिशन दम्पति पर जानलेवा हमला, सीओ को दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर मे बारात की आगवानी को लेकर साफ सफाई कर रहे बुजुर्ग दम्पति को आरोपियो ने पीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़िता ने सीओ से मिलकर तहरीर देते हुए इंसाफ की गुहार लगायी है। कोतवाली के पेटरियापुर बेलहा निवासी रामलाल की पत्नी शिवकला ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि दस मई को सुबह सात बजे वह देवर के यहां बेटी की शादी को लेकर अपने पति के साथ साफ सफाई कर रही थी। इस बीच पडोसी नंदलाल पुत्र गयादीन, सीता देवी पत्नी नंदलाल व कन्हैया लाल सुत ननकऊ एवं आकाश तथा लालती आदि ने पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पति को बचाने में बुजुर्ग महिला को भी गंभीर चोटें आ गयी। आरोपियो के हमले से बचने के लिए बुजुर्ग दम्पति घर मे घुस गये तो आरोपियो ने तहरीर के मुताबिक वहां भी मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियो ने गृहस्थी के सामान भी तोडकर नष्ट कर दिये।

पीड़िता का कहना है कि उसने घटना की सूचना पुलिस को दी किंतु कार्रवाई नही हुई। गुरूवार को पीड़िता ने सीओ रामसूरत सोनकर से मिलकर आपबीती सुनाई। महिला के शरीर पर चोट का निशान देख सीओ ने कोतवाली पुलिस को कर्रा किया। सीओ के निर्देश पर पीड़िता व उसके पति का पुलिस ने सीएचसी मे मेडिकल कराया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है तहरीर की जांच की जा रही है, केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुरस्कार पाकर खिले मेधावियों के चेहरे, दी गई विदाई

### मंहगूराम शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज में समारोहपूर्वक हुआ मेधा सम्मान कार्यक्रम



मेधावियों को पुरस्कृत करते ख्यातिप्राप्त चिकित्सक डा. चन्द्रेश सिंह व अन्य

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** रामपुर बावली के समीप सराय संग्राम सिंह के पूरे श्याम सिंह स्थित किसान मंहगूराम शिक्षा निकेतन इण्टरमीडिएट कालेज मे गुरूवार को मेधावियों का सम्मान तथा इण्टरमीडिएट के छात्रों को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी।

विद्यालय परिसर मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी एवं प्रख्यात चिकित्सक डा. चन्द्रेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंनें कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की मेधाशक्ति आज पूरे देश में सफलता का अपना गौरवशाली इतिहास रच रही है। उन्होनें कहा कि भारतीय मेधा ने सदैव अनुशासन तथा चरित्र बल व संकल्प के प्रति एकाग्रता से दुनिया में हर क्षेत्र तथा पटल पर देश का परचम लहरा रखा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डा. चन्द्रेश सिंह तथा प्रबन्धक सुनीता देवी, अजय निर्मल व प्रमोद सरोज द्वारा कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा मे प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों छात्राओं को साइकिल प्रदान कर हौसला आफजाई की गयी। पुरस्कार पाने वाले मेधावी अमित गौतम, शिवांगी प्रजापति, निखिल सरोज, सलोनी सरोज, मिथिलेश सरोज, अंकित यादव, शिवा सरोज, आशीष जायसवाल, जीनत बानो व रिषभ सरोज के चेहरे खिल उठे दिखे। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से इण्टरमीडिएट के कक्षा बारह के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह भी भावपूर्ण दिखा। अतिथियों ने इन मेधावियों के भी उज्वल भविष्य की कामनाएं सौंपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान आशीष व संचालन प्रधानाचार्य विनोद कुमार सरोज ने किया। इस मौके पर बुधई गौतम, सुरेश शुक्ल, नन्दलाल सरोज, विनोद गौतम, नागेश सिंह, दयावती, रमेश जायसवाल, श्रीपाल सरोज, अवधेश कुमार आदि रहे।

# सीएचसी अमरगढ़ में 20 बेड के कोविड वार्ड के निर्माण का हुआ शुभारम्भ

### सीएचसी अधीक्षक ने किया भूमिपूजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोविड 19 के संक्रमण की अभी चैथी लहर नहीं आई है , लेकिन इसके लिए सरकार पूरी तरह सजग दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य महकमे में कोविड-19 बनाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में पट्टी तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ में गुरुवार को 20 बेड के कोविड-19 वार्ड का शुभारंभ करने के लिए भूमि पूजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आरसी यादव ने किया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के पट्टी ढकवा मार्ग पर अमरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है, जहां से लगभग सैकड़ों गांव के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए पहुंचते हैं। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 20 बेड के कोविड-19 वार्ड का शुभारंभ और भूमि पूजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आरसी यादव द्वारा किया गया, जिसमें कोविड-19 मरीजों को भर्ती किया जाएगा। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ के अधीक्षक आरसी यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि शासन स्तर से मिले दिशा निर्देश के अनुरूप स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड-19 वार्ड का शुभारम्भ किया जा रहा है। शुरूआत करके इसको जल्द पूरा कर लिया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान डॉ सीपी शर्मा डॉक्टर आरसी यादव के साथ डॉक्टर शैलेंद्र योगी सहित दर्जनों डॉक्टर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर क्षेत्र में दस वाटर एटीएम चालू

### बचे पांच वाटर एटीएम को भी ठीक करने का हो रहा प्रयासः ईओ



कम्पनी गार्डेन का एटीएम चेक करते ईओ नगर पालिका मुदित सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर में लगे 15 खराब एटीएम में से 10 को ठीक कर चालू कर दिया गया है। शेष बचे पांच वाटर एटीएम को भी ठीक करने के लिये नगर पालिका प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र में लगे 15 एटीएम वर्षों से खराब थे। इसका सामान भी चोरी हो गया था।

इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने सभी वाटर एटीएम को फिर से चालू करने का बीड़ा उठाया। दोनों के संयुक्त प्रयास से अब 15 में से 10 वाटर एटीएम चालू हो गये हैं।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने चालू हुए वाटर एटीएम का निरीक्षण किया। जो वाटर एटीएम ठीक हुए हैं, उनमें कम्पनी गार्डेन, रोडवेज बस अड्डा, हादीहाल, चिलबिला, कचहरी, भंगवा चुंगी क्षेत्रों में आज राहगीर इन वाटर एटीएम का लाभ लेते देखे गये।

नगर पालकि के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह का कहना है कि पांच बचे वाटर एटीएम के लिये सामान मंगाया गया है। सामान मिलते ही बचे पांचों वाटर एटीएम चालू हो जाएंगे। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में पंयतल की समस्या है, वहां टैंकर भेजकर जलापूर्ति कराई जा रही है।

## कालाकांकर में जल निगम की पानी सप्लाई की मोटर जलने से मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर में 10 दिनों से जल निगम पानी की टँकी की 30 हॉर्स पावर की पानी सप्लाई करने वाली मोटर के जल जाने से पानी के लिए आधा दर्जन गाँव में हाहाकार मचा हुआ है। जब कि जली हुई मोटर को बदलने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है लेकिन अभी तक मोटर बदली नही गई जिससे ग्रामीणों को हैडपम्प से दूर दूर से पीने के लिए पानी को लाना पड़ रहा है। जानकारी करने ऑपरेटर सुरेंद्र कुमार पांडेय शमीम अहमद ने बताया कि मंगलवार को जली हुई मोटर को जिला मुख्यालय रिपेयर के लिए भेजा गया है जैसे बनकर आ जायेगा पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। पानी की सप्लाई बन्द होने से आलापुर, हिनाहू, लालसिंह का पुरवा, किसुनदासपुर, कालाकांकर, पीरानगर, संग्रामपुर, महावीरन, चकपुरवा, मंगली का पुरवा गाव में पानी की सप्लाई बाधित है। ग्रामीणों ने जल निगम अधिशाषी अभियन्ता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# बीडीओ के फरमान से विधायक के नेतृत्व में सदस्यों ने किया जमकर हंगामा

### पुलिस बल की मौजूदगी में हुई बैठक



क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामा करते सदस्यगण।

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड मान्धाता के सभागार में आज क्षेत्र पंचायत की बैठक प्रारम्भ होने से पहले ही खण्ड विकास अधिकारी के एक फरमान को लेकर विश्वनाथगंज विधायक के नेतृत्व में सदस्यों ने जमकर हंगामा किया जिससे ब्लॉक परिसर में घण्टों अफरा तफरी मची रही। अधिकारियों को शांति व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल बुलाना पड़ा। अपर पुलिस अधीक्षक डा0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सौम्य मिश्रा तथा क्षेत्राधिकारी रानीगंज अतुल कुमार त्रिपाठी ने पहुंच कर स्थिति को संभाला और हंगामे के चलते बैठक का समय भी दो घण्टे बढ़ाना पड़ा।

आज की बैठक शुरू होते ही खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार ने फरमान जारी कर दिया कि बैठक में केवल निर्वाचित प्रतिनिधि ही शामिल हो सकेंगे,ग्राम प्रधान या क्षेत्र पंचायत सदस्य के सहयोगी नहीं। यह नियम बैठक में शामिल होने ब्लॉक पहुंचे विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल और एमएलसी प्रतिनिधि लाल साहब को अनुचित लगी और दोनों लोग सदस्यों के साथ प्रवेश द्वार पर ही घरने पर बैठ गए। एसडीएम सदर के निवेदन पर सभी को बैठक में शामिल होने की अनुमति दे दी गयी। हंगामे की खबर सुनकर एमएलसी गोपाल जी एवं ए एस पी भी मान्धाता पहुँचे तब बैठक शुरू हुई। क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।तथा सभी सदस्यों से विकास कार्यो के प्रस्ताव मांगे गए। गोपाल जी ने सभी प्रतिनिधिओ को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र के विकास और उनके सम्मान के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। ब्लॉक अधिकारी सभी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की हर समस्या को गम्भीरता से सुनकर उसका समाधान करेंगे।विधायक जीत लाल पटेल ने भी क्षेत्र के विकास में पूरा सहयोग करने का अस्वासन देते हुए कहा कि हमारे सभी जनप्रतिनिधियों का पूरा सम्मान होना चाहिए। बैठक में पाटीलाइन से हटकर विधायक ब्लॉक प्रमुख इसरार अहमद का खुलकर समर्थन करते नजर आए। बैठक में बड़ी संख्या में प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर संग्रह अमीनों ने दिया धरना प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समस्याओं का निराकरण कराने की मांग को लेकर उ0 प्र0 राजस्व सा0 संग्रह अमीन/ अनुदेशक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरकेश बहादुर सिंह की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन व क्रमिक अनशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रमिक अनशन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष करुणेश सिंह (मुन्ना) एवं परिषद के जिला मंत्री डा0 हीरालाल पुष्कर, परिषद के आय-व्यय निरीक्षक तथा राजस्व संग्रह अमीन संघ के अध्यक्ष आशुतोष सिंह, मंत्री राजू तिवारी, परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक राम समुझ त्रिपाठी रहे। सबने वार्ता विफल करने वाले अधिकारी की आलोचना करते हुए निंदा किया और चल रहे क्रमिक आंदोलन को गति प्रदान करने का आहवान किया। इस दौरान अध्यक्ष हरकेश बहादुर सिंह, लालजी पाण्डेय, जगदीश यादव, अरुण सिंह, रामचंद्र यादव, मो0 अकील, राजमणि निगम, अखण्ड प्रताप सिंह, भूपेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते संग्रह अमीन।

## किसान सम्मान निधि पात्रता में पारदर्शिता न मिली तो नपेंगे जिम्मेदारः एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किसान सम्मान निधि की पात्रता को लेकर गांवों में सोशल बैठकें आयोजित होंगी। इन बैठकों मे अफसरो के साथ ग्राम पंचायतो के जिम्मेदार नागरिकों की भागीदारी में किसान सम्मान निधि की पात्रता परखी जायेगी। अभियान को लेकर गुरूवार को यहां तहसील सभागार में एसडीएम अरूण सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे एसडीएम ने किसान सम्मान निधि की पात्रता सूची में लापरवाही या पारदर्शिता न मिलने पर जिम्मेदार राजस्वकर्मियों के साथ अभियान में लगे कृषि एवं विकास विभाग के भी कर्मचारियों को कड़ी कार्रवाई के लिए आगाह भी किया। वहीं बैठक मे अभियान को लेकर प्रशासनिक समन्वय के तहत विभागीय अफसरों ने अपनी कार्ययोजना की जानकारियां दी। बैठक का संयोजन तहसीलदार जावेद अंसारी व तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुर्वेदी ने किया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी रघुराज प्रताप सिंह व बीडीओ लालगंज अश्विनी सोनकर व लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी राजस्व तथा विकास तथा कृषि महकमे के अभियान से जुडे कर्मचारियों की मौजूदगी देखी गयी।

## प्रधानाचार्य समेत दो आरोपियों के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने प्रमाण पत्र मे जालसाजी कर छात्रा के अपहरण के मुकदमें में पास्को एक्ट की धारा बढ़वाये जाने के झूठे शपथ पत्र पर प्रधानाचार्य समेत दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार की रात एएसपी की फटकार पर आरोपियो के खिलाफ जालसाजी तथा धोखाधडी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। महेशगंज थाना के बाबा का पुरवा पूरे गोपाल पाण्डेय निवासी भाई लाल सरोज की पत्नी कमला देवी ने लालगंज थाने मे उसके पुत्र हितेश सरोज के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। इसमें वादिनी ने अपनी पुत्री की जन्म तिथि उन्नीस वर्ष बतायी थी। इसके बाद आरोपी धर्मा देवी ने ढ़िगवस स्थित सरोजिनी शैक्षिक संस्थान के प्रधानाचार्य से मिलकर अपहता के कम उम्र होने का फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कराकर शपथ पत्र के साथ एसओ महेशगंज को दिया। जानकारी होने पर पीड़िता कमला देवी ने एएसपी से मिलकर एसपी को संबोधित शिकायती पत्र दिया। कमला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एएसपी के निर्देश पर मामले मे केस दर्ज किया है।

# अनियंत्रित तेज रफ्तार की कार ने मारी टक्कर, चार जख्मी, जिला अस्पताल किये गये रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार की आर्टिका कार ने चार लोगों को टक्कर मार दी, जिससे चारों बुरी तरह जख्मी हो गए। घायल लोगों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया तो वही आर्टिका कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। घायलों को गंभीर दशा को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कोहड़ौर थाना अंतर्गत कोहड़ौर बाजार में बुधवार की की रात 8रू00 बजे प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर कांधरपुर मोड़ के पास सुल्तानपुर से आ रही तेज रफ्तार आर्टिका कार ने सड़क पार कर रहे राहगीरों व बाइक सवार को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़े ठेले में टक्कर मार दिया और रेलिंग को तोड़ते हुए बाइक पर चढ़ गई जिसमें शैलेंद्र (24) पुत्र राम प्रसाद निवासी पुरे मणिकंठ, मोहम्मद महताब (35) पुत्र खलील अंसारी निवासी कोहड़ौर, डॉक्टर किफायत उल्ला (75) भावापुर और रणविजय (36) ग्राम निवासी बिजरा गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया वहां पर उनकी गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। कार ने सब्जी की दुकान को भी रौंद दिया था। चार मोटरसाइकिल से टक्कर होने के बाद रेलिंग को तोड़ दिया था। कोहड़ौर एसओ ने बताया कि कार को कब्जे में लिया गया है। चालक को पकड़ लिया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## गैर इरादतन हत्या के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सत्र न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में अशोक कुमार गौतम पुत्र रामकिशोर निवासी पूरे तिगुनाइत राजगढ़ थाना कोतवाली नगर को दोषी पाते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड की राशि न अदा करने की स्थिति में छः महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने किया। वादी मुकदमा राम किशोर निवासी पूरे तिगुनाइत राजगढ़ थाना कोतवाली नगर के अनुसार उसकी लड़की अनीता 27 वर्ष ने अपनी मौसी की ननद के लड़के जितेंद्र उर्फ मुन्ना निवासी सराय वीरभद्र थाना अन्तू को 19 सितम्बर 2018 को बुलवाया था। दो बजे दिन में लगभग आ गया था।

## खबर संक्षेप

### अवैध कब्जे से जमीन बचाने के लिए परेशान है शीला

**कौशाम्बी।** लचर कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों माफियाओं और दूसरे की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने वालों वाले लोगों की बाढ़ आ गई जिधर देखो उधर गरीब कमजोर मजलूम की जमीन में कब्जा हो रहा है अपनी जमीन बचाने के लिए गरीब कमजोर मजलूम अधिकारियों की चौखट पर फरियाद कर रहा है। ताजा मामला करारी थाना क्षेत्र के खुर्रम पुर बजहा गांव का है जहां शीला देवी की जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज है लेकिन उसकी जमीन पर जबरिया कब्जा हो रहा है और न्याय के लिए शीला देवी थाना तहसील से लेकर अधिकारियों की चौखट पर फरियाद कर रही है कई दिन बीत जाने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिला दिख रहा जिले में शीला देवी का यह अकेला मामला नहीं है तमाम गरीब कमजोर अपनी संपत्ति बचाने के लिए माननीय से लेकर थाना तहसील और अधिकारियों का चक्कर काट रहे हैं।

# दावत से वापस लौटते वक्त हादसे में चिकित्सक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कस्बा पश्चिम शरीरा के टेवा रोड पर क्लीनिक चलाने वाले चिकित्सक अनिल सिंह पुत्र अशोक सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई है उनके साथ बाइक में मौजूद राहुल को चोटे आई हैं घटना बुधवार की देर रात की है सूचना पाकर मौके पर महेवा घाट और मंझनपुर थाना पुलिस पहुंची है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल राहुल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं पोस्टमार्टम से लाश वापस आने के बाद उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव घोसी थाना धाता जनपद फतेहपुर में किया गया है जहां सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से चिकित्सक को अंतिम विदाई दी है।

जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के धाता थाना अंतर्गत घोसी गांव निवासी डॉ अनिल सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र अशोक सिंह ने पश्चिम शरीरा कस्बे के टेवा रोड पर अपना निजी क्लीनिक खोल रखा है उनके क्लीनिक में राहुल पुत्र बचान नंबरदार निवासी गलेहरा थाना धाता जनपद फतेहपुर चिकित्साकीय कार्य में सहयोग करता है राहुल के घर में शादी का कार्यक्रम था जिस पर बुधवार को राहुल के साथ डॉ अनिल सिंह गलेहरा गांव शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे रात्रि 10:00 बजे डॉक्टर अनिल सिंह राहुल के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से वापस पश्चिम शरीरा लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार महेवा घाट थाना क्षेत्र के लौधना के पास पहुंचे बाइक अनियंत्रित हो गई और नहर की बाम्बी से टकरा गई जिससे बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर पड़े और चिकित्सक नहर की बाम्बी में चले गए मौके पर चिकित्सक की मौत हो गई हादसे में राहुल बेहोश हो गया जब उसे होश आया तो उसने मामले की जानकारी परिजनों समेत पुलिस को दिया चिकित्सक की मौत की जानकारी मिलते ही आधी रात को घटनास्थल पर महेवाघाट और मंझनपुर पुलिस पहुंची है चिकित्सक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया है गुरुवार को दोपहर बाद चिकित्सक का शव पीएम से जब वापस लौटा तो परिजन शव को पैतृक गांव घोसी लेकर चले गए हैं यहां उनका अंतिम संस्कार किया गया है।

बाइक सवार दूसरा युवक हादसे में गंभीर घायल



मृतक चिकित्सक की फाइल फोटो

## पेड़ से लटकता मिला राजगीर का शव हत्या की आशंका



**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत सराय अकिल के बुद्धपुरी मोहल्ला निवासी कैलाश राजगीर उम्र 40 वर्ष पुत्र राम खेलावन का शव अमरूद के बाग में पेड़ से लटक रहा था शव की शिनाख्त होने के बाद परिजन और पुलिस को सूचना दिया गया मौके पर परिजन रोते बिलखते पहुचे सराय अकिल प्रभारी निरीक्षक घटना स्थल पहुँचे और शव को नीचे उतरवाकर पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया मृतक के परिजनों ने जानकारी दिया कि बीती रात खाना खाकर वह बाहर निकले और घर वापस नही लौटे परिजनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जाहिर किया है मृतक कैलाश राजगीर का काम करता था और उसके पांच बच्चे है तीन लड़की व दो लड़के पिता के मरने के बाद वह मासूम और बेसहारा हो गए है।

## न्यूज झरोखा

### 7 गौ तस्करों को कौशांबी पुलिस ने भेजा जेल

**अझुवा कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद की एसओजी टीम और थाना सैनी पुलिस ने बीते कल 11 मई को गुप्त सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग अटसराय के पास से गुजर रहे 2 कंटेनर से 56 गौवंशो को बरामद किया था जिसमें 11गाय और 45 बैल थे गौवंशों को वृहद गौशाला ले जाया गया था गिनती करने पर 43 गौवंश की मौत हो गयी थी जिन्हें दफना दिया गया था तस्कर गौवंशो को बिहार ले जा रहे थे एसओजी और सैनी पुलिस ने घेराबंदी कर 7 गौतस्करों अतीक अहमद पुत्र रईस अहमद निवासी वार्ड नंबर 3 अझुवा थाना सैनी रेहान पुत्र बन्ने निवासी चमरूपुर थाना कोखराज शारदा पुत्र श्यामलाल निवासी वार्ड नंबर 3 अझुवा थाना सैनी सीबू पुत्र रईस अहमद निवासी असद उल्लाह पुर रोही भरवारी थाना कोखराज चांद बाबू पुत्र मोहम्मद असलम निवासी गांधी नगर कॉलोनी कस्बा मंझनपुर थाना मंझनपुर समीम पुत्र साबुद्दीन निवासी काशीराम आवास जलालाबाद थाना भवन जनपद शामली एहसान पुत्र लालजी निवासी काशीराम आवास जलालाबाद थाना भवन जनपद शामली को अवैध तीन तमंचे के कुछ नगद रुपयों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वही एसपी कौशांबी ने बताया कि इन गौ तस्करों के विरुद्ध एनएसए सहित विभिन्न धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रषिक्षण हेतु 21 मई तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, के मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, अनुवां, प्रयागराज द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 50 वर्ष तक उम्र के युवक युवतियों को 15 दिवसीय कौषल सुधार प्रशिक्षण दिया जाना है, इसमें अनुसूचित जाति के 50 और सामान्य वर्ग के 25 लोगों को अलग-अलग उद्योगों के विनिर्माण के लिये प्रषिक्षण दिया जाना है उन्होंने बताया है कि कौषल सुधार योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय प्रषिक्षण के तहत सिलाई कढ़ाई कम्प्यूटर प्रषिक्षण मोबाइल मरम्मत फल प्रसोधन एवं खाद्य प्रसंस्करण अगरबत्ती मोमबत्ती धूप बत्ती चाक मेकिंग माटीकला शिल्पकारी सौर ऊर्जा आदि में उनकी रूचि के अनुसार प्रषिक्षण दिया जायेगा ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियां इस प्रषिक्षण का लाभ उठा सकतें है इच्छुक युवक/युवतियां जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में अपना आवेदन पत्र 21 मई 2022 तक जमा कर सकतें है।

### अभियुक्त को 07 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पर पंजीकृत मुकदमा के अभियुक्त लालजी पुत्र ठाकुरदीन निवासी बिसौना थाना पिपरी को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी परवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 07 वर्ष कारावास तथा पांच हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न देने पर अतिरिक्त 06 माह कारावास की सजा सुनायी गयी।

### कॅप्यूटर एवं ब्यूटीशियन ट्रेड प्रशिक्षण में ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों में औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से उद्योग विभाग द्वारा व्यवहारिक प्रशिक्षण योजना वर्ष-2022-23 (01 माह सैद्धान्तिक एवं 03 माह व्यवहारिक) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने देते हुए बताया कि पुरूष अभ्यर्थियों के लिए कम्प्यूटर ट्रेनिंग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए ब्यूटीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाना है तथा चयनित अभ्यर्थियों को 1250 रुपए प्रतिमाह यातायात एवं स्वअल्पाहार के रूप में भी दिया जायेंगा। उन्होंने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन 22 मई 2022 तक कर सकतें हैं।

### एसबीआई के कर्मचारी के तानाशाही से ग्राहक परेशान

**कौशांबी।** सराय अकिल स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एक कर्मचारी के आतंक से बैंक ग्राहक परेशान है आए दिन बैंकों के ग्राहकों के साथ अभद्रता करना कर्मचारी की आदत बन गई है कई बार बैंक ग्राहकों ने शाखा प्रबंधक वा अन्य अधिकारियों से उक्त कर्मी की शिकायत की लेकिन कर्मचारी की आदत में सुधार नहीं हो सका है बैंक ग्राहकों ने बताया कि उक्त कर्मचारी बैंक पहुंचे ग्राहकों के काम करने में आनाकानी करता है 5 मिनट में होने वाले काम को कई-कई दिन ग्राहकों को बैंक का चक्कर लगवाता रहता है ग्रामीणों ने बैंक के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग की है।

# अधीक्षक ने दवा खा कर किया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

## 12 से 27 मई तक चलना है फाइलेरिया अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अधीक्षक डॉ नीरज सिंह के द्वारा 12 मई से 27 मई तक चलने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया इस अभियान में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता आशा और आंगनवाड़ी घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगे। यह दवाएं निःशुल्क जनसमुदाय को खिलाई जाएंगी और इसका सेवन दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को छोड़ कर सभी को करना है। जिले में डीईसी और एल्बेंडाजोल नाम दवा की डोज उम्र के अनुसार दी जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है और इसे स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाना आवश्यक है। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उलटी, बदन में चकत्ते और खुजली जैसी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं। इनसे घबराना नहीं है और आमतौर पर यह स्वतः ठीक हो जाते हैं। अगर किसी को ज्यादा दिक्कत होती है तो आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ब्लॉक रिस्पांस टीम को सूचित कर सकता है आशा और आंगनवाड़ी की टीम द्वारा स्कूलों और उप केंद्रों में घर-घर जाकर दवाई का सेवन लाभार्थियों को कराया जाएगा।



फाइलेरिया की दवा खाते सीएचसी अधीक्षक

अधीक्षक डॉ नीरज सिंह ने बताया की एमडीए अभियान में आशा कार्यकताओं की सबसे महत्वपूर्ण है और जनसमुदाय से अपील की कि जब भी आशा कार्यकर्ता व उनकी सहयोगी दवा खिलाने जाएं तो उनका सहयोग करें। घर के सभी पात्र लाभार्थी को दवा अवश्य खिलाएं। दवा खिलाने के लिए बनाई गई प्रत्येक टीम 25 घर जाकर दवा खिलाएगी। एमडीए कार्यक्रम के माध्यम से घर-घर जाकर खिलाई जाती है। वर्ष में एक बार दवा खाने से फाइलेरिया की मुक्ति के साथ खून की कमी] स्नोफीलिया से बचाव होता है। इसलिये दवा जरूर खानी चाहिये अभियान के दौरान ब्लॉक कडा में दवा खिलाने के लिए 216 टीम बनाई गई हैं जिनके कार्यों का पर्यवेक्षण 41 सुपरवाइजर करेंगे। यह दवा फाइलेरिया के परजीवियों को मार देती है और लोगों को हाथीपांव व हाइड्रोसील जैसी बीमारियों से बचाती है। यह दवा पेट के खतरनाक कीड़ों को भी खत्म करती है तथा खुजली एवं जू के खात्मे में भी मदद करती है। दो वर्ष से अधिक व पांच वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों को 100 ग्राम की एक डीईएसी गोली और 400 ग्राम की एक एलबेंडाजोल गोली देनी है। पांच से पंद्रह वर्ष आयु वर्ग के लोगों को डीईसी की 200 ग्राम की दो गोली और एलबेंडाजोल की 400 ग्राम की एक गोली दी जाएगी। इसके अलावा 15 वर्ष से अधिक आयु वग्र के लोगों को डीईसी की 300 ग्राम की तीन गोली और 400 ग्राम एलबेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी। अधीक्षक डॉ नीरज सिंह के साथ डॉ वंदना सिंह ,बीपीएम प्रदीप सिंह, बीसीपीएम रोहिणी त्रिपाठी ,आशा संगिनी और आशाएं मौजूद थी।

## फाइलेरिया की दवा खाकर डीएम ने किया फाइलेरिया उन्मूलन का शुभारम्भ

### आपके घर पर फाइलेरिया से बचाव की दवा पहुँचेगी दवा जरूर खायें

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का फाइलेरिया की दवा स्वयं खाकर एवं 14 वर्षीय अश्वनी को खिलाकर शुभारम्भ किया तथा जनपदवासियों से अपील की कि आपके घर पर फाइलेरिया से बचाव की दवा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पहुँचेगी दवा जरूर खायें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय ने बताया कि फाइलेरिया की दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा सभी तैयारियॉ पूर्ण कर ली गई हैं नोडल अधिकारी वेक्टरवार्न डिजीज डॉ0 डीएस यादव ने बताया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 12 मई से 27 मई 2022 तक संचालित किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया की दवा आइवर्मेक्टिन डीईसी व अल्बेन्डाजोल निःशुल्क दी जायेगी। उन्होंने बताया कि 1619 टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर दवा का वितरण करेंगी। इस टीम में आशा, आगनबाड़ी एवं एनजीओ सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि फ्रन्ट लाइन वर्कर्स एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। यह दवा फाइलेरिया के परिजीवियों को मार देती है और हाथीपॉव जैसे बीमारियों से बचाने में मदद करती हैं। यह दवा पेट के अन्य खतरनाक कीड़ों को भी खत्म करती है। उन्होंने बताया कि 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गम्भीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के अलावा यह दवा सभी को खानी है।



फाइलेरिया की दवा खाते डीएम

# आठ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने आठ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है पुलिस महकमे से मिली जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के दीवर कोतारी पुलिस चौकी इंचार्ज प्रमेश कुमार यादव से चौकी का चार्ज छीन कर उन्हें सर्विलांस सेल भेज दिया गया है और उनके स्थान पर मीडिया सेल इंचार्ज रहे उपनिरीक्षक रजनीकांत राजपूत को दीवर कोतरी पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया है सराय अकिल की पुलिस चौकी बेरूई के इंचार्ज रहे उपनिरीक्षक नंदू यादव को चौकी से हटाते हुए थाना कड़ा धाम भेजा गया है और उप निरीक्षक जय प्रकाश दुबे को पुलिस लाइन से बेरूई चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी गई है वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रिंस दीक्षित को क्राइम ब्रांच से हटाकर मंझनपुर कोतवाली में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है और पुलिस लाइन में मौजूद रहे अभिषेक राय को पिपरी थाना भेजा गया है इसी के साथ पुलिस लाइन में रहे श्रवण कुमार सिंह को मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गई है और रिट सेल का कार्य देख रहे रवि शंकर को चरवा थाने भेजा गया है।

### तमंचा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा 11 मई 2022 को क्षेत्र भ्रमण रात्रि गश्त व चेकिग संदिग्ध व्यक्ति के दौरान बहद ग्राम डेलईया से दो अभियुक्तों बच्चालाल उर्फ बचूनी पुत्र स्व0 रजइ पासी निवासी ग्राम बड़का गढ़वा थाना कौशाम्बी व मनोज कुमार पुत्र स्व० गुलाब सरोज निवासी खोपा थाना सरायअकिल को एक अदद अवैध तमंचा व तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व दो अदद मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### पेंशनर कोषागार में अपना विवरण प्रारूप पर भरकर कराए उपलब्ध

**कौशाम्बी।** प्रदेश के कोषागारों से पेंशन पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर को स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड की सुविधा दिया जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी ने देते हुए जनपद कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनर से आग्रह किया है कि कोषागार कार्यालय में उपस्थित होकर प्रारूप निःशुल्क प्राप्त कर अपना विवरण भरकर एवं एक नवीनतम फोटो प्रारूप पर संलग्न कर सम्बन्धित पेंशन पटल सहायक को उपलब्ध करायें उन्होंने बताया कि सूचना का सत्यापन कर प्रारूप कोषागार निदेशालय को उपलब्ध करा दिया जायेंगा कोषागार निदेशालय द्वारा स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त सम्बन्धित पेंशनर्स को वितरित किया जायेंगा।

### सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु करें आवेदन

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराये जाने हेतु आवेदन आमन्त्रित किया गया हैं। यह जानकारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 16 मई 2022 से 23 मई 2022 तक पर आवेदन कर सकतें हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में बेसिक टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

### कार्य में लापरवाही बरतने पर खण्ड शिक्षाधिकारी कड़ा सरसवॉ एवं मूरतगंज से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश, शौचालयों की नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहें कार्यों-पेयजल शौचालय का निर्माण रनिंग वाटर एवं बाउन्ड्रीवाल आदि की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यों में प्रगति न पाये जाने एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर खण्ड शिक्षाधिकारी कड़ा सरसवॉ एवं मूरतगंज से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिये उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को अपने-अपने विद्यालयों का निरीक्षण कर पेयजल एवं रंनिग वाटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जा रहें सभी कार्यों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले खण्ड शिक्षाधिकारियों की सूची उपलब्ध करायें उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी इसके साथ ही उन्होने कहा कि कार्यों में प्रगति न पाये जाने पर एवं लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी उन्होंने डीपीआरओ को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को कम्पोजिट ग्रान्ट का उपयोग नियमानुसार कराने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालयों के शौचालयों की साफ-सफाई नियमित कराने के निर्देश दिये इस सम्बन्ध में उन्होंने डीपीआरओ को सफाई कर्मियों का रोस्टर बनाकर विद्यालयों के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सहायक अभियंता आरईएस को जिला खनिज न्यास निधि के 46 विद्यालयो का निरीक्षण कर आवश्यक सभी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला टास्क फोर्स के सदस्यो को विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियो को अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करने समय से कार्यालय आने ठीक प्रकार से अभिलेखो का रख-रखाव एवं रजिस्टर को अपडेट करने के निर्देश दिये बैठक में स्कूल चलों अभियान की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि खण्ड शिक्षाधिकारियों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर फीडिंग कराये जाने के कार्य में प्रगति नहीं लायी जा रही हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को शत-प्रतिशत फीडिंग कराने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रगति न पाये जाने पर सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं खण्ड शिक्षाधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि विद्यालय अवधि के दौरान कोई भी शिक्षक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय एवं खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय न आयें, अगर कोई कार्य है तो स्कूल अवधि के बाद आयें।

उन्होने ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक प्रत्येक माह कराने के निर्देश दिये बैठक में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक करते डीएम

# अलौकिक दिव्य शक्ति का ज्ञान अर्जित कर रहे हैं केपीएस कॉलेज की स्टूडेंट्स

**अखंड भारत संदेश**

### विलुप्त हो चुकी पुरातन शिक्षा को फिर से जागृत करने का बीड़ा पूर्व विधायक संजय गुप्ता के नेतृत्व में केपीएल विद्यालय ने उठाया है, केपीएस विद्यालय ने पुरातन की दिव्य विद्याओं को सिखाने का बीड़ा उठाया है जिसमें वह सफल होते दिख रहे हैं

**कौशाम्बी।** पुरातन में गुरुकुल विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को दिव्य शक्ति का ज्ञान दिया जाता था पुरातन के समय दिव्य शक्ति सहित 14 बिधाये छात्रों को सिखाई जाती थी लेकिन कालांतर में दिव्य ज्ञान की विद्या विधालयो से लुप्त हो गयी कौशांबी जिले के भरवारी कस्बे के केपीएस विद्यालय ने पुरातन की दिव्य विद्याओं को सिखाने का बीड़ा उठाया है जिसमें वह सफल होते दिख रहे हैं शिक्षा के क्षेत्र में केपीएस कॉलेज भरवारी हमेशा सुर्खियों में रहा है इन दिनों फिर केपीएस कॉलेज के छात्राओं ने अलौकिक दिव्य शक्ति का प्रदर्शन कर समाज में हलचल मचा दी है केपीएस कॉलेज के छात्र छात्राओं ने द्वापर युग पांडू वंश की याद दिलाते हुए संजय की तरह दिव्य शक्ति अर्जित करने में लगे हैं जैसे दिव्य शक्ति से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर दी थी और संजय महाभारत का युद्ध सीधा देख रहे थे इन दिनों केपीएस कॉलेज के छात्राओं द्वारा आंखों में काली पट्टी बांधकर सब कुछ देख बता रहे है गुरुवार को केपीएस कॉलेज सभागार में स्कूल के होनहार बच्चों ने पत्रकार साथियों के समक्ष दिव्य शक्ति का प्रदर्शन किया है आंखों में पट्टी बांधकर उन्होंने किताब को हाथों से स्कैन कर-के पढ़ना शुरू किया आपके जेब में रखे हुई चीजों का रंग काली पट्टी बांधकर छात्राओं ने बता दिया आंखों में पट्टी बांधे दिव्य छात्रों ने स्कूटी चला कर दिखाया है तो इसी तरह से तमाम तरह के कार्य दिखाकर बच्चों ने लोगों को द्वापर युग के पुरातन विद्यालयों के व्यवस्था को सोचने पर विवश कर दिया है केपीएस कॉलेज के छात्रों द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन कोई जादू नहीं है बल्कि स्कूल में मात्र एक सप्ताह में योग्य शिक्षकों के चलते छात्र दिव्य शक्ति की ओर बढ़ रहे हैं और आंख बंद करने के बाद वह मन से सब कुछ देख कर बता दे रहे हैं। इन छात्राओं को ऋषिकेश के ट्रेनर अनुराग जी द्वारा दिव्य शक्ति की ट्रेनिंग दी गई है पहले बैच में 50 छात्राओं को दिव्य शक्ति की ट्रेनिंग दी जा रही है आगे अन्य छात्राओं को विद्यालय द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी इस मौके पर पूर्व विधायक विद्यालय के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जैसे रामभद्राचार्य दोनों आंखों से सूर होते हुए सब कुछ देख कर बता देते हैं महाभारत काल में जैसे संजय सीधा महाभारत का युद्ध देखते थे उन्होंने कहा कि इसी तरह केपीएस के बच्चे भी बिना आंखों के सब कुछ देखेंगे उन्होंने कहा कि वह अपनी आंखों से सब कुछ स्कैन कर लेते हैं आप उन्हें किताब देंगे और वह आंख बंद करके सब पढ़ कर बता देंगे विलुप्त हो चुकी पुरातन शिक्षा को फिर से जागृत करने का बीड़ा पूर्व विधायक संजय गुप्ता के नेतृत्व में केपीएल विद्यालय ने उठाया है सराय अकिल कस्बे के हरी जयसवाल की बेटी तनवी और धाता कस्बे के मिथिलेश सिंह की पुत्री अमीषा सहित तमाम छात्राओं ने आंखों में पट्टी बांधकर उपस्थित लोगों के सामने दिव्य दृष्टि का प्रदर्शन किया है इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा पवार,विजय चौहान, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



आंखों पर काली पट्टी बांधकर पढ़ाई करती केपीएस की छात्राएं

# हत्या को गैर इरादतन हत्या दर्ज कर हत्यारोपियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही पुलिस

### योजनाबद्ध तरीके से वृद्धा की हत्या के मामले में गैर इरादतन हत्या दर्ज किए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो सैनी पुलिस की बढ़ेगी मुश्किलें

**कौशांबी।** अपराधियों को दंड दिलाने के लिए बनी पुलिस अपराधियों की मददगार बनती जा रही है तमाम गंभीर घटनाओं में भी पुलिस गंभीर नहीं हो रही है जिससे दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ रहे हैं थाना पुलिस के अपराधियों को बचाव के लिए नए-नए तरीके अपनाने के मामले में आला अधिकारी भी गंभीर नहीं है जिससे अपराधी पूरी तरह से दंड नहीं पाते हैं और कम सजा के चलते उनका मनोबल नहीं टूट रहा है ताजा मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई गांव निवासी सुखरानी उम्र 72 वर्ष पत्नी रामविशाल की हत्या से जुड़ा है वृद्धा की हत्या के मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 122 सन 2022 में गैर इरादतन हत्या धारा 304 में दर्ज कर लिया है जबकि पुलिस के एफ आई आर के मुताबिक वृद्धा को डंडे से मार दिया गया है जिससे उसके घटनास्थल पर बृद्धा की मौत हुई है यदि किसी हत्यारोपी के हमले से मौके पर किसी की मौत हो जाती है तो इसमें गैर इरादतन हत्या कहां से लग जाता है इस बात की जानकारी शायद सैनी कोतवाली पुलिस को प्रशिक्षण के दौरान महकमे ने नहीं दी है यह बड़ा गंभीर चिंतन का विषय है। घटनाक्रम में जाएं तो 20 अप्रैल की भोर 3:30 बजे वृद्धा शौच क्रिया के लिए घर से बाहर निकली थी इसी बीच वृद्धा की हत्या की योजना बनाए पहले से घात लगाए हमलावरों ने वृद्धा के सिर पर लोहे के वजनी रॉड से हमला कर दिया जिससे मौके पर वृद्धा की मौत हो गई वृद्धा की हत्या के 3 दिनों पूर्व से वृद्धा के घर के दरवाजे को आधी रात को खटखटा कर खुलवाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन परिजन दरवाजा नहीं खोले जिससे घर के भीतर घुसकर हत्या नहीं हो सकी इस मामले की शिकायत भी परिजनों ने पुलिस से की थी लेकिन पुलिस गंभीर नहीं हुई। योजनाबद्ध तरीके से वृद्धा की हत्या किए जाने के बाद सूचना लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे जहां गरीब कमजोर अनपढ़ बृद्धा के परिजनों के अनपढ़ होने का लाभ कोतवाली पुलिस ने उठाया और इमला बोलकर तहरीर लिखाई जिसमें लोहे का रॉड गायब हो गया और डंडे से हमला लिखा दिया गया और इसके बाद पुलिस का खेल शुरू हो गया योजनाबद्ध तरीके से हत्या किए जाने के मामले में गैर इरादतन हत्या दर्ज कर पुलिस ने हत्या आरोपियों को लाभ देने का पूरा प्रयास किया है घटना में परिजनों ने 2 लोगों को नामजद किया है लेकिन एक अभियुक्त को जेल भेजने के बाद पुलिस दूसरे अभियुक्तों को जेल भेजने के लिए भूल चुकी है परिजन लगातार अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर दूसरे हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं लेकिन उन्हें न्याय मिलता नहीं दिख रहा है बताया जाता है कि दूसरा हत्यारोपी पुलिस कोतवाली का दलाल है और उसकी मदद इलाके का एक चर्चित अफीम माफिया कर रहा है कभी पुलिस को देख कर भाग खड़े होने वाले इस माफिया के आगे सैनी पुलिस नतमस्तक है। वृद्धा की हत्या के मामले में दी गई तहरीर के मुताबिक धारा लगाने में लापरवाही बरतने वाली सैनी कोतवाली पुलिस के कारनामों की यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो सैनी कोतवाली पुलिस की अपराधियों से गठजोड़ की कहानी उजागर होना तय है।

संपादकीय

# पराली न जलाएं, पर्यावरण बचाएं

**देश** में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। दिनों-दिन धरती के तापमान में बढ़ोतरी होती जा रही है। पारा पचास या इससे भी ऊपर पहुंच चुका है, इधर कोयले की कमी से लोगों को बिजली की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के सीजन में बिजली की खपत वैसे ही बढ़ जाती है। इधर पर्यावरण को पराली जलाने से भी भयंकर खतरा पैदा हो रहा है। भारत के उत्तरी क्षेत्रों यथा पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में किसान कृषि अपशिष्ट, खासकर गेहूं की कटाई के बाद बची नरवाई (या पराली) जला देते हैं, जो पर्यावरण के लिए संकट या बड़ी समस्या बन जाता है। इसके चलते हवा में धुआं और पराली के महीन जले हुए कण फैल जाते हैं और हवा सांस लेने के लिहाज से बेहद जहरीली हो जाती है। इन इलाकों के लोग ह्यस्मॉगह्न (धुआं और कोहरा) की समस्या का सामना करते हैं। भीषण गर्मी में पराली के जलाने से एक ओर जहाँ गर्मी बढ़ती है, वहीं प्रदूषण में भी भारी बढ़ोत्तरी हो जाती है। यह मनुष्य व समस्त प्राणी जगत के लिए अत्यंत खतरनाक व हानिकारक सिद्ध होता है।स्मॉग के कारण तो हवा की गुणवत्ता सांस लेने के लायक नहीं बचती। दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और उसके आसपास के इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) गंभीर स्तर तक, 400 के ऊपर, पहुंच जाता है। आज देश के बहुत से हिस्सों में पचास डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक तापमान है। भीषण गर्मी में हमें पर्यावरण संरक्षण, हरियाली की याद आती है। हालांकि कोरोना काल में पर्यावरण संरक्षण काफी हुआ, लेकिन अब एक बार फिर हम प्रदूषण पर नियंत्रण खो बैठे हैं। कोरोना काल में विभिन्न उधोग धंधे बंद हो गये, सड़कों पर ट्रैफिक का भार कम हुआ, खेतों में पराली भी अपेक्षाकृत कम जलाई गई, क्योंकि लोग महामारी से भयभीत होकर अपने घरों में बंद थे, लेकिन आज पर्यावरण स्थितियों की ओर ध्यान रखने की आवश्यकता महत्ती है। धरती का पारिस्थितिकीय तंत्र लगातार बदल रहा है, पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं, हरियाली लगातार कम होती जा रही है और कंक्रीट के जंगल खड़े किये जा रहे हैं, पर्यावरण संरक्षण की ओर हमारा विशेष ध्यान नहीं है। आज हवाएं जहरीली हो गई हैं। हमारे शहरों को छोड़िए, आज हमारे गांवों का एयर क्वालिटी इंडेक्स ठीक नहीं है, यह हमारे लिए अत्यंत चिंतनीय विषय है। बताता चलूँ कि एयर क्वालिटी इंडेक्स का आकलन हवा में मौजूद कणीय प्रदूषण की मात्रा के अलावा ओजोन, नाइट्रोजन डाईऑक्साइड, सल्फर डाईऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा के आधार पर किया जाता है। इन्हें सांस में लेना मनुष्य ही नहीं सभी जीवों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत ही हानिकारक है। बताता चलूँ कि वायु गुणवत्ता सूचकांक जब 50 इकाई से कम हो तब ये सबसे अच्छा माना जाता है; यह स्थिति मैसूर, कोच्चि, कोझीकोड और शिलांग जैसे शहरों में होती है। 51-100 के बीच यह मध्यम होता है जबकि 151-200 के बीच स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। 201-300 के बीच का स्तर मनुष्य स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है। 300-400 के बीच स्तर खतरनाक की श्रेणी में आता है और 400 से अधिक स्तर गंभीर स्थिति का द्योतक होता है, जो आजकल दिल्ली एनसीआर और उसके आसपास के इलाकों में है, जहां नरवाई या पराली जलाई जा रही है।

# शीतल जल से ही बुझेगी रेल यात्रियों की प्यास

**निर्मल रानी**

> सरे आम बीड़ियाँ व सिगरेट फूंकते हैं। सीटों से लेकर डिब्बों के प्रवेश द्वारा पर या डिब्बे में आवागमन के रास्ते में बैठकर ये लोग गंदिगी फैलाते हैं। परन्तु रेलवे पुलिस हो या रेल में चलने वाला स्टाफ कोई भी इन्हें ट्रेन से न तो उतारता है न ही जुरमाना वसूलता है। यह लोग भी ट्रेन को अपनी पैतृक संपत्ति समझकर यात्रा करते हैं। परन्तु यदि कोई गरीब मजबूर रेल यात्री किसी मजबूरी वश बेटिकट यात्रा कर रहा हो तो उसे जेल भी जाना पड़ सकता है। इस दोहरी व लचर व्यवस्था से भी रेलवे का मुक्त होना बेहद जरूरी है

**हालांकि** स्वतंत्रता दिवस आने में अभी तीन माह से भी अधिक समय बचा है परन्तु रेल मंत्रालय ने अभी से आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा के नाम से एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। 15 अगस्त 2022 की स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए घर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत देश के लगभग 10 लाख रेल कर्मचारियों के आवासों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की तैयारी की जा रही है। खबरों के अनुसार रेलवे बोर्ड के निदेशक इस्टेबलिशमेंट (जनरल) हरीश चंद्र ने सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधक, आरडीएसओ, मेट्रो व सेंट्रेलाईज्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट को एक पत्र लिखकर इस अभियान को सभी रेलकर्मियों तक पहुंचाने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने अपील की कि रेलकर्मी ऐसा करने के साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी घरों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए प्रेरित करें। गोया रेल मंत्रालय स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार तिरंगे के माध्यम से देश के लोगों में राष्ट्रवाद की भावना का संचार करने के लिये युद्ध स्तर पर तिरंगा फहराओ अभियान छेड़ने जा रहा है।

ऐसे में यह जरूरी है कि रेल मंत्रालय की प्राथमिकताओं पर भी नजर डाली जाये कि आखिर रेल विभाग के लिये सबसे जरूरी कर्तव्य क्या हैं । रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या के चलते आम तौर पर रेल गाड़ियों में लगने वाले डिब्बों की संख्या पहले से काफी अधिक कर दी गयी है। कोई कोई लंबी दूरी की गाड़ियां तो लगभग एक किलोमीटर तक लंबी होने लगी हैं। यानी इंजन के सिग्नल के पास खड़े होने के बाद गाड़ी के पिछले कई डिब्बे प्लेटफॉर्म के पीछे ही रह जाते हैं। तमाम स्टेशन ऐसे हैं जहाँ प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई भी गयी हैं परन्तु अभी भी सैकड़ों स्टेशन ऐसे हैं




जहाँ प्लेटफॉर्म छोटे होने के चलते पूरी ट्रेन प्लेटफॉर्म पर नहीं खड़ी हो पाती। नतीजतन प्लेटफॉर्म से दूर खड़े डिब्बों पर चढ़ने उतरने वाले यात्रियों को अपने सामान के साथ पत्थर बजरी पर उतरने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर बुजुर्गों व महिलाओं को। लिहाजा रेल विभाग को तिरंगा अभियान की ही तरह पूरे देश के रेलवे प्लेटफॉर्म का जरुरत के अनुसार विस्तारण करने का अभियान भी चलाना चाहिये।

ट्रेन के डिब्बों में मच्छरों के प्रकोप आम बात है। कभी कभी तो चूहे भी यात्रियों के साथ ट्रेन यात्रा करने आ जाते हैं। इन सबका कारण केवल यही है कि डिब्बों के भीतर समुचित सफाई नहीं हो पाती। इसतरह की गंदिगी से बीमारी फैलने की भी संभावना बनी रहती है। टॉयलट में गंदिगी रहती है। ए सी श्रेणी में हैंड वाश की शीशी होती है मगर खाली। खासतौर पर आज के कोरोना संक्रमण काल में जबकि सरकार द्वारा विशेष व श्रमिक स्पेशल ट्रेन के नाम पर रेल भाड़े में वृद्धि की जा चुकी है। तमाम तरह की सुविधायें बंद की जा चुकी हैं। ऐसे में प्रत्येक यात्री डिब्बों का स्वच्छ व सेनिटाइज होना भी बहुत जरूरी है। स्वच्छ भारत अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में रेल विभाग को इस ओर भी जरूर ध्यान देना चाहिये। यात्रियों की सुरक्षा भी रेल विभाग की जिम्मेदारी है। प्रायः चोर उचक्के तत्व बिना समुचित टिकट लिये किसी भी डिब्बे में सवार हो जाते हैं।

खासकर देर रात यह काले कारनामे घटित होते हैं। और यही अवांछनीय तत्व सोते हुये यात्रियों का सामान उठाकर चंपत हो जाते हैं। यही लोग यात्रियों को जहर खुरानी का शिकार भी बनाते हैं। इसके अतिरिक्त दशकों से रेलवे स्टेशन बाबा रुपी भिखारियों,चोर उचक्कों ,नशेड़ियों व अवांछनीय तत्वों का प्रश्रय स्थल और जुर्म का अड्डा बना हुआ है। भगवा कपड़े पहन कर तमाम आवारा किस्म के लोग बेरोकटोक ट्रेन में यात्रा करते हैं।

सरे आम बीड़ियाँ व सिगरेट फूंकते हैं। सीटों से लेकर डिब्बों के प्रवेश द्वारा पर या डिब्बे में आवागमन के रास्ते में बैठकर ये लोग गंदिगी फैलाते हैं। परन्तु रेलवे पुलिस हो या रेल में चलने वाला स्टाफ कोई भी इन्हें ट्रेन से न तो उतारता है न ही जुरमाना वसूलता है। यह लोग भी ट्रेन को अपनी पैतृक संपत्ति समझकर यात्रा करते हैं। परन्तु यदि कोई गरीब मजबूर रेल यात्री किसी मजबूरी वश बेटिकट यात्रा कर रहा हो तो उसे जेल भी जाना पड़ सकता है। इस दोहरी व लचर व्यवस्था से भी रेलवे का मुक्त होना बेहद जरूरी है।

सफाई व सुरक्षा की ही तरह रेल यात्रियों को शीतल व सादा पेय जल उपलब्ध कराना भी रेल विभाग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। दशकों से यह देखा जा रहा है कि महानगरों के रेलवे स्टेशन के अतरिक्त देश के अधिकांश स्टेशन पर पीने के पानी की आपूर्ति प्रायः ठप ही रहती है। कहा तो यह भी जाता है कि कहीं कहीं स्टेशन स्टॉफ और वेंडर्स की मिली भगत से यह पाप किया जाता है ताकि पानी की टूंटियों या कूलर से पानी न मिलने की वजह से प्यासे रेल यात्री प्लेटफॉर्म व वेंडर्स से पानी की बोतल या कोल्ड ड्रिंक्स आदि खरीदने के लिये बाध्य हों।यह कितना बड़ा पाप व अधर्म है। रेल विभाग का दायित्व तो यह है कि जिन प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई गयी है वहां प्लेटफॉर्म के शुरू से अंत तक पानी की टूंटियों का विस्तारण करे । बेशक कई प्लेटफॉर्म पर जल पाइप लाइन का विस्तारण किया भी जा चुका है परन्तु प्रायः वहां जल आपूर्ति ही नहीं होती है। इसका कारण भ्रष्टाचार के चलते निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग तथा रेलवे प्लेटफॉर्म की जलापूर्ति व्यवस्था के रखरखाव में बरती जा रही घोर लापरवाही है। जिसका खामियाजा प्यासे रेल यात्रियों को भुगतना पड़ता है। कायदे से तो रेल विभाग को स्वछ व शीतल पेयजल की चलित प्रणाली प्रयोग में लानी चाहिये जो विशेषकर गर्मी में ट्रेन आने पर प्यासे रेल यात्रियों को जल मुहैय्या करवा सके। रेल विभाग को यह शिद्दत से महसूस करना चाहिये कि तिरंगा फहराकर केवल राष्ट्रवाद जागरण से नहीं बल्कि इस प्रचंड गर्मी में शीतल जल से ही रेल यात्री अपनी प्यास बुझा सकते हैं।

रेल विभाग को हर घर झंडा जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की ही तरह हर यात्री को शीतल जल मुहैय्या कराने का अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाना चाहिये।

# कृतज्ञता एक संस्कार है

**किशन भावनानी**

कुदरत द्वारा सृष्टि की रचना कर उसमें मानव योनि को इस पूरी कायनात का सबसे बड़ा तोहफा, सर्वश्रेष्ठ बुद्धि देकर मानवीय गुणों का सृजन किया है। सकारात्मक मानवीय संस्कारों की झड़ी भी लगा दी है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय आचरण है तथा उस आचरण का एक विशेष महत्वपूर्ण अंग है कृतज्ञता!!! यह एक संस्कार है, मानवीय श्रृंगार है, गुणवत्ता, संवेदनशीलता नीवांपन की निशानी है!! यह केवल आभार, धन्यवाद, शुक्रिया, साधुवाद इत्यादि शब्दों का सूचक मात्र ही नहीं है अपितु हार्दिक आभार के भार से नमित सुकर्म होता है!! कृतज्ञता अपने व्यक्तित्व में रखना सम्मान की बात है संकटकाल में काम आनेवाले महानुभावों के ऋणी होने की अभिव्यक्ति भी है

साथियों बात अगर हम कृतज्ञता की इत्र की भांति सुगंधित महक की करें तो, कृतज्ञता वह सुकृत्य है जो व्यक्ति के सुसंस्कृत होने का भान कराती है, साथ ही उसे सामाजिक और सांसारिक भी बनाती है। कृतज्ञता एक संस्कार है। इससे संस्कारित व्यक्ति विनम्रता की मूर्ति होता है! जहां दूसरों की सहायता एवं सेवा करना उत्कृष्ट मानवीय कर्तव्य है वहीं संकट की विषम स्थिति में दूसरों द्वारा अपने प्रति की गई सहायता एवं सेवा के लिए कृतज्ञ व्यक्तित्व अपने हृदय में उसके प्रति विशेष आदर का भाव रखता है। सहृदयता का प्रतिकार वह विनम्र आभार द्वारा चुकाता है। कृतज्ञता मानवता की सर्वोत्कृष्ट विशेषता है। यह हमें आभास कराती है कि प्रत्यक्ष और परोक्ष किसी भी रूप में और कभी भी यदि किसी व्यक्ति ने कोई सहयोग और सहायता प्रदान की है, तो उसके लिए यदि कुछ न कर सके, तो हृदय से आभार अवश्य प्रकट करें।

साथियों वहीं कृतघ्नता इसके विपरीत एक आसुरी वृत्ति है, जो इंसान को इंसानियत से जुदा करती है।कृतज्ञता प्रकट ना करने से आसुरी वृत्ति के भाव उत्पन्न होते हैं जो जीवन की प्रगति और सामाजिक प्रतिष्ठा में भारी बाधा बनते हैं। ऐसे व्यक्ति से उसके निजी संकट के समय में भी उसके अपने और समाज के लोग दूरी बनाए रखते हैं। उसके ऊपर दुखों का पहाड़ टूटने पर भी अपने भी पराए हो जाते हैं इसीलिए कृतज्ञता को अनिवार्यता से रेखांकित करना आज के समय की मांग है!!

साथियों कृतज्ञता अनुग्रहकर्ता के प्रति अनुग्रहीत होने का भाव - ज्ञापन भी है। जहां अनुग्रहकर्ता वंदनीय एवं उसका कृत्य अभिनंदनीय होता है वहीं अनुग्रहीत होकर कृतज्ञता ज्ञापित न करने वाला निंदनीय होता है। कृतज्ञता के ज्ञापन से जहां एक ओर अनुग्रहकर्ता को अपने किए कार्य की महत्ता का ज्ञान एवं उसके कृतज्ञता रूपी प्रतिफल का आनंद प्राप्त होता है वहीं अनुग्रहीत को समय पर सहायता मिल जाने से संकट की विकरालता से मुक्त होने का सुख प्राप्त होता है। इससे दोनों पक्ष लाभान्वित एवं आनंदित होते हैं।

साथियों कृतज्ञता एक महान गुण है। कृतज्ञता का अर्थ है अपने प्रति की हुई श्रेष्ठ और उत्कृष्ट सहायता के लिए श्रद्धावान होकर दूसरे व्यक्ति के समक्ष सम्मान प्रदर्शन करना। हम अपने प्रति कभी भी और किसी भी रूप में की गई सहायता के लिए आभार प्रकट करते हैं और कहते हैं कि 'हम आप के प्रति कृतज्ञ हैं, ऋणी हैं और इसके बदले हमें जब भी कभी अवसर आएगा, अवश्य ही सेवा करेंगे। कुछ लोग संकट काल में काम आने वाले महानुभावों के चिर ऋणी होने की अभिव्यक्ति द्वारा अपने कृतज्ञता संपन्न होने का परिचय देते हैं। कृतज्ञता एक सामान्य शिष्टाचार भी है। कृतज्ञ प्राणी अपने शिष्ट वचनों द्वारा कृपा करने वाले का आभार व्यक्त करता है। साथियों वह जानता है कि उसकी रत्तीभर की उदासीनता उसे भविष्य में इस प्रकार की कृपा से वंचित कर सकती है। भविष्य में कष्टमय परिस्थितियों में इसी प्रकार कृपालुओं का सहयोग मिलता रहे, इसलिए इस शिष्टाचार के माध्यम से वह अपने व्यक्तित्व का उज्जवल एवं मानवीय पक्ष समाज के सामने प्रस्तुत करने के साथ ही एक आदर्श एवं प्रेरक उदाहरण भी बनना चाहता है। यह शिष्टाचार उसे सम्मान में सम्मानित नागरिकों की श्रेणी में खड़ा कर देता है। साथियों बात अगर हम मानवीय गुणों में कृतज्ञता को सर्वश्रेष्ठ गुण मानने की करे तो, मनुष्य के सभी गुणों में कृतज्ञता सबसे महान गुण ही नहीं है।

चिंतन

# नर्सिंग मानव समाज को देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है

**प्रियंका 'सौरभ'**

**अंतर्राष्ट्रीय** नर्स दिवस प्रतिवर्ष 12 मई को मनाया जाता है। 12 मई को इस दिन को मनाने के लिए चुना गया था क्योंकि यह आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक दार्शनिक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती है। नर्सिंग मानव समाज को देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है। नर्सिंग देखभाल का आह्वान है, जो मार्मिक कहानियों और चुनौतियों का एक पूल प्रदान करता है। नर्सिंग का दायरा केवल अस्पताल के अलावा अब हर जगह विस्तारित हुआ है। नर्सें इस व्यापक दुनिया में सबसे कीमती चीज- 'मानव जीवन' से निपटती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2022 लीड टू लीड - नर्सिंग में निवेश करें और वैश्विक स्वास्थ्य को सुरक्षित करने के अधिकारों का सम्मान करने के वर्ष के रूप में नामित किया है। दुनिया के सभी स्वास्थ्य कर्मियों में आधे से अधिक नर्सें हैं। यह पूरे नर्स समुदाय और जनता को इस दिन को मनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा और साथ ही नर्सिंग पेशे के प्रोफाइल को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधन प्रदान करेगा। उच्च गुणवत्ता और सम्मानजनक उपचार और देखभाल प्रदान करने वाली महामारियों और महामारियों से लड़ने में नर्स सबसे आगे हैं। कोविड -19 महामारी नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाती है। नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के बिना, प्रकोपों के खिलाफ लड़ाई जीतना और सतत विकास लक्ष्यों या सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) को प्राप्त करना संभव नहीं है। विश्व स्तर पर, प्रति 10,000 लोगों पर लगभग 36.9 नर्सें हैं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के भीतर और विभिन्नताएं हैं। अफ्रीकी क्षेत्र की तुलना में अमेरिका में लगभग 10 गुना अधिक नर्सें हैं। जबकि पूर्व में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 83.4 नर्स हैं, बाद में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 8.7 नर्स हैं। 2030 तक, दुनिया भर में 5.7 मिलियन से अधिक नर्सों की कमी होगी। निरपेक्ष संख्या में सबसे बड़ी कमी दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र में है, जबकि अमेरिका और यूरोप में, समस्या अलग है क्योंकि वे वृद्धावस्था में नर्सिंग कार्यबल का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, यूरोप, पूर्वी भूमध्यसागरीय और अमेरिकी क्षेत्रों में कई उच्च आय वाले देश प्रवासी नर्सों पर "विशेष रूप से" निर्भर हैं। उनके कार्यों की मान्यता की आवश्यकता है; रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि नर्सों का काम सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों, आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया से संबंधित राष्ट्रीय और वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नर्सों की अहम भूमिका होती है। उनकी भूमिका, विशेष रूप से वर्तमान स्वास्थ्य संकट के दौरान, सर्वोपरि है। कुल मिलाकर, एक मरीज को दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने और रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने में नर्स महत्वपूर्ण हैं।

2018 तक, भारत में 1.56 मिलियन से अधिक नर्स और 772,575 नर्सिंग सहयोगी थे। इसमें से पेशेवर नर्सों की हिस्सेदारी 67 फीसदी है, जिसमें हर साल 322,827 स्नातक और चार साल की न्यूनतम प्रशिक्षण अवधि होती है। स्वास्थ्य कार्यबल के भीतर, नर्सों में 47 प्रतिशत चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं, इसके बाद डॉक्टर (23.3 प्रतिशत), दंत चिकित्सक (5.5 प्रतिशत) और फार्मासिस्ट (24.1 प्रतिशत) हैं। इसके अलावा, भारत में 88 प्रतिशत नर्सों में भारी संख्या में महिलाएं हैं। यह विश्व स्तर पर देखी जाने वाली नर्सिंग की संरचना के अनुरूप है, जहां 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों तक पहुंच सहित नर्सों और सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करना ताकि वे सुरक्षित रूप से देखभाल प्रदान कर सकें और स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में संक्रमण को कम कर सकें। नर्सों और सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के पास मानसिक स्वास्थ्य सहायता, समय पर वेतन, बीमारी की छुट्टी और बीमा तक पहुंच होनी चाहिए। उन्हें प्रकोप सहित सभी स्वास्थ्य जरूरतों का जवाब देने के लिए आवश्यक ज्ञान और मार्गदर्शन तक पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। भविष्य के प्रकोपों का जवाब देने के लिए नर्सों को वित्तीय सहायता और अन्य संसाधन दिए जाने चाहिए।

# करोना संक्रमण: घबराइए नहीं सिर्फ सावधान बरतें

**संजीव ॉ**

करोना कभी न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100% इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल,आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा,पीतल, तांबा,सोना,चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण प्रदूषण हमारी आधुनिक जीवन शैली के कारण बुरी तरह से शहरों में फैला हुआ है।पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान असंतुलन भी वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की मौत का कारण बना। प्रकृति के इस भयानक असंतुलन के कारण हर शहर हर देश में लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं, पर मानसिक असंतुलन के कारण न सिर्फ मानव शरीर नष्ट हो रहा है, बल्कि लाखों निरीह जानवर, जीव,जंतु भी मौत के घाट उतार दिए गए। चीन और विश्व के आदिवासी बाहुल्य देश के लोग सांप बिच्छू, चमगादड़ एवं अन्य जीव-जंतुओं का शिकार कर अपने मानसिक असंतुलन का परिचय देकर अपने पेट के दावानल को शांत कर रहे हैं। ऐसा सामान्य मनुष्य सोच भी नहीं सकता। ऐसे में प्रकृति भी इस प्राकृतिक असंतुलन तथा मानसिक दिवालियापन को आत्मसात ना करके प्रक्रियागत नाना प्रकार की बीमारियों तथा मृत्यु के अनेक कारणों को जन्म दे रही है।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य पर दावे और हकीकत

**विजय गर्ग**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ताजा सर्वेक्षण में यह हकीकत सामने आई है कि देश के उन्नीस फीसद परिवारों के पास अब भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अस्वच्छता की वजह से फैलने वाली बीमारियों पर काबू पाने के मकसद से स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया था। इसके तहत न सिर्फ लोगों को खुले में शौच से रोकने के लिए अभियान चलाए गए, बल्कि सरकारी सहायता से शौचालय भी बनवाए गए। गरीब परिवारों के घरों में सरकार की तरफ से शौचालय बनवाए गए। तीन साल पहले सरकार ने घोषणा की कि अब भारत के हर घर में शौचालय है और लोगों की खुले में शौच की प्रवृत्ति समाप्त हो गई है। मगर राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ताजा सर्वेक्षण में यह हकीकत सामने आई है कि देश के उन्नीस फीसद परिवारों के पास अब भी शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें खुले में शौच जाना पड़ता है। इनमें बिहार, झारखंड और ओड़ीशा में सबसे अधिक परिवार हैं। सर्वेक्षण में यह तथ्य जरूर उभर कर आया है कि अब लोगों की खुले में शाौच की प्रवृत्ति काफी कम हुई है, मगर स्वच्छ भारत अभियान का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। इसी तरह पीने के स्वच्छ पानी के उपयोग को लेकर भी सर्वेक्षण में पता चला है कि छियासठ फीसद ग्रामीण लोग बिना शोधन के पीने के पानी का उपयोग करते हैं। चौवालीस फीसद ऐसे लोग शहरों में भी हैं। इस सर्वेक्षण से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर काबू पाने के सरकार के संकल्प पर नए सिरे से विचार की जरूरत रेखांकित हुई है। दरअसल, हमारे देश में बहुत सारी बीमारियां गंदगी की वजह से पैदा होती हैं, जिनका समय पर उचित इलाज न मिल पाने के कारण वे जानलेवा साबित होती हैं। इन बीमारियों के चलते हर साल सरकार को सार्वजनिक स्वास्थ्य पर काफी धन खर्च करना पड़ता है।

## आईपीएल 2022 में 58 मैचों तक लग चुके 830 छक्के

**मुंबई।** आईपीएल के 58 मैच खत्म हो चुके हैं। अंक तालिका में अभी भी गुजरात टाइटंस 12 में से नौ मैच जीतकर टॉपर बनी हुई है। वहीं, सबसे ज्यादा बाऊंड्रीज लगाने वाली टीम की अगर बात करें तो छक्के लगाने में राजस्थान तो चौके लगाने में गुजरात की टीम पहले नंबर पर चल रही है। 58 मैचों तक 830 छक्के लग चुके हैं जबकि चौकों की संख्या 1601 है। बटलर सबसे ज्यादा चौके-छक्के लगाने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने 56 चौके और 37 छक्के लगाए हैं।

**सबसे ज्यादा चौके-छक्के**

चेन्नई सुपर किंग्स : चौके 152, छक्के 91
कोलकाता नाइट राइडर्स : चौके 149, छक्के 89
दिल्ली कैपिटल्स : चौके 185, छक्के 91
मुंबई इंडियंस : चौके 141, छक्के 75
पंजाब किंग्स : चौके 156, छक्के 82
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः चौके 161, छक्के 77
गुजरात टाइटंस : चौके 195, छक्के 58
लखनऊ सुपर जायंट्स : चौके 159, छक्के 81
सनराइजर्स हैदराबाद :चौके 132, छक्के 78
राजस्थान रॉयल्स : चौके 171, छक्के 108

**ऑरेंज कैप की स्थिति**



618 जोस बटलर
459 केएल राहुल
427 डेविड वॉर्नर
389 फाफ डु प्लेसिस
384 शुभमन गिल

**पर्पल कैप की स्थिति**



22 युजी चहल
21 वानिंदु हसरंगा
18 कागिसो रबाडा
18 कुलदीप यादव
17 टी नटराजन

## पंत ने पृथ्वी शॉ की हेल्थ पर की बात, कहा- डॉक्टर ने बताया उन्हें क्या हुआ है

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखते हुए 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने पृथ्वी शॉ की सेहत पर बात की और बताया कि उन्हें क्या हुआ है। शॉ आखिरी बार एक मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ कैपिटल्स के लिए खेले थे। हाल ही में उन्होंने अपने स्वास्थ्य पर अपडेट दिया और बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती होने की बात कही थी और सोशल मीडिया पर तस्वीर भी साझा की थी। अब पंत ने उनके स्वास्थ्य पर स्पष्टता दी है और कहा कि बल्लेबाज को टाइफाइड जैसा कुछ है। पंत ने शॉ की बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम उसे याद करते हैं लेकिन हम उस पर नियंत्रण नहीं कर सकते। डॉक्टर ने मुझे बताया कि उसे टाइफाइड या ऐसा ही कुछ है। मैच की बात करें तो 161 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही कैपिटल ने सलामी बल्लेबाज श्रीकर भारत को डक पर खो दिया लेकिन इसके बाद जो हुआ वह किसी आंधी से कम नहीं था। मार्श और वार्नर ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में कहर बरपाते हुए दमदार पारी थी। मार्श ने 62 गेंदों में 89 रन बनाए जबकि वार्नर ने नाबाद अर्धशतक के साथ उनका समर्थन किया, जिससे उन्हें आसानी से खेल खत्म हो गया।

## टुटु बोस फिर मोहन बागान एथलेटिक क्लब के अध्यक्ष बने

**कोलकाता।** अनुभवी प्रशासक स्वप्न सदन 'टुटु' बोस को मोहन बागान एथलेटिक क्लब की कार्यकारी समिति की बैठक में दोबारा अध्यक्ष चुना गया। पहली बार 1989-90 में अध्यक्ष चुने गए बोस 28 साल तक इस पद पर रहे जिसके बाद उन्होंने 'स्वास्थ्य कारणों' से जून 2017 में पद छोड़ दिया। क्लब के अगले अध्यक्ष को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। भारत के पूर्व डिफेंडर और मोहन बागान के दिग्गज खिलाड़ी सुब्रत भट्टाचार्य को अध्यक्ष पद का दावेदार बताया जा रहा था। अटकलों पर हालांकि अब विराम लग गया है क्योंकि 5 साल के बाद बोस दोबारा अध्यक्ष चुने गए हैं। बोस ने महासचिव देबाशीष दत्ता द्वारा जारी बयान में कहा- मेरी उम्र हो गई है और मैं कई बीमारियों से जूझ रहा हूं लेकिन क्लब के सदस्यों और समर्थकों के प्यार और लगाव के कारण मैं प्रतिबद्धता के साथ क्लब की सेवा जारी रखूंगा। मैं सभी को प्यार और शुभकामना देता हूं।



## भारत को कोरिया ने 5-0 से हराया, पीवी सिंधू के नेतृत्व में टीम का शर्मनाक प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक विजेता पी वी सिंधू की अगुवाई वाली भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को उबर कप के ग्रुप डी के अंतिम मुकाबले में कोरिया से 0-5 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

कनाडा और अमेरिका पर आसानी से दो जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम को कोरिया से कड़ी टक्कर मिली और पांच मैचों के मुकाबलों में एक भी मैच नहीं जीत पाई। हालांकि, इस हार से भारत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि वह ग्रुप में शीर्ष दो में रहने से पहले ही क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था। सिंधू के लिए यह मुकाबला



निराशाजनक रहा और उन्हें आन सियोंग से सीधे मुकाबले में 15-21, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। सियोंग से सिंधू की यह लगातार पांचवीं हार है, जिससे कोरिया ने 1-0 की बढ़त हासिल की।

श्रुति मिश्रा और सिमरन सिंघी को जोड़ी मैच में विश्व नंबर दो जोड़ी ली सोही और शिन सेउंगचन के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर सकी और 39 मिनट में 13-21, 12-21 से हार गई। आकर्षी कश्यप भी दुनिया की 19 नंबर की खिलाड़ी गा यून से 10-21, 10-21 से करारी हार झेलनी पड़ी और कोरिया ने 0-3 से बढ़त कर ली।

तनिशा क्रिस्टो और त्रिशा जॉली की जोड़ी भी किम हेय जीआंग और कांग हियोंग से 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

वहीं अस्मिता चालिहा को सिम युजिन ने 18-21, 17-21 से हराकर कोरिया ने 5-0 से मैच जीत लिया। भारतीय पुरुष टीम थॉमस कप के ग्रुप सी में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

## हार के बाद बोले संजू सैमसन, यह बेहद निराशाजनक रात है

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स पर शानदार 8 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की टीम ने 160 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने वार्नर और मार्श की अर्धशतकीय पारियों के बदौलत 18.1 ओवर में ही मैच को जीत लिया। इस मैच में वार्नर ने 52 और मार्श ने 89 रन की पारी खेली। इस हार के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन काफी निराश हैं। संजू सैमसन ने कहा कि यह बहुत निराशा वाली रात है। हम कुछ रन पीछे रह गए औप बीच के ओवर्स में हमने विकेट भी गंवाए। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तब विकेट पर दोहरा उछाल था। हम 15-20 रन पीछे रह गए। वहीं हमने मैच में काफी कैच भी छोड़े। यह बेहद ही निराशाजनक है। सैमसन ने आगे कहा कि हम अगले मैच में जोरदार वापसी करेंगे। हम आने वाले मैचों के लिए अच्छी वापसी करनी होगी। हम पहले भी यह कर चुके हैं और आगे भी इसे दोहरा सकते हैं। हेटमायर पिता बनने के बाद अब जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे।



## बार्सिलोना का खिलाड़ी साथी से टकराने के बाद अचेत, मैदान पर बुलानी पड़ी एंबुलेंस

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने दस खिलाड़ियों से खेल रही सेल्टा विगो को 3-1 से हरा दिया। इससे टीम स्पेनिश लीग में दूसरा स्थान सुरक्षित करने के नजदीक आ गई। इस मैच में बार्सिलोना के 23 साल के रक्षक खिलाड़ी रोनाल्ड अराउखो को साथी खिलाड़ी गावी पेज से सिर से सिर टकराने के बाद एंबुलेस से अस्पताल पहुंचाना पड़ा।

कैंप नाउ स्टेडियम में कनकशन (सिर में चोट) का यह हादसा 61वें मिनट का है। शुरुआत में उरुग्वे के रोनाल्ड अराउखो ठीक लग रहे थे लेकिन कुछ कदम चलने के बाद लड़खड़ा कर गिर पड़े। मैच में दो गोल करने वाले पिएरे ऐमरिक ने कहा-यह बेहद डरावना रहा।

इस हादसे के बाद लगभग आठ मिनट तक खेल बाधित रहा। रोनाल्ड अराउखो को तुरंत चिकित्सीय मदद पहुंचाई गई। एंबुलेंस को मैदान पर बुलाया गया और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया





गया। बार्सिलोना के मैनेजर जावी ने कहा कि डाक्टरों ने हमें बताया है कि रोनाल्ड अराउखो होश में हैं। उन्हें अभी अस्पताल में ही रखा जाएगा लेकिन वह खतरे से बाहर हैं। मैच में मेम्फिस डिपे ने बार्सिलोना को 30वें मिनट में बढ़त दिलाई और उसके बाद ऐमरिक ने 41 और 48वें मिनट में गोल किए। सेल्टा का एकमात्र गोल एस्पास ने 50वें मिनट में किया। सेल्टा के रक्षक खिलाड़ी जेसन मुरिलो को 58वें मिनट में फाउल पर बाहर भेजा गया था।

## 22 साल की ज्योति ने साइप्रस में 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ज्योति याराजी ने साइप्रस में चल रही इंटरनेशनल एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.23 सेकंड के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए जीत दर्ज की। आंध्र की 22 वर्ष की ज्योति ने लिमासोल में हुए टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। एक महीने पहले ही हवा से वैध सीमा से अधिक मदद मिलने के कारण उसका राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन मान्य नहीं किया गया था। पुराना रिकॉर्ड अनुराधा बिस्वाल के नाम था जो उन्होंने 2002 में 13.38 सेकंड में बनाया था। साइप्रस इंटरनेशनल मीट विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर चैलेंजर वर्ग डी का टूर्नामेंट है।

ज्योति ने पिछले महीने कोझिकोड में फेडरेशन कप में 13.09 सेकंड का समय निकाला था लेकिन हवा की गति प्लस 2.1 मीटर प्रति सेकंड होने से उसे अमान्य करार दिया गया क्योंकि वैध सीमा प्लस 2.0 मीटर प्रति सेकंड है। ज्योति ने 2020 में



अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी 13.03 सेकंड का समय निकाला था, लेकिन उसे अमान्य करार दिया गया क्योंकि राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने टूर्नामेंट में उसकी जांच नहीं की थी और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का कोई तकनीकी प्रतिनिधि वहां मौजूद नहीं था । वहीं पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अमलन बोरगोहेन तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 21.32 सेकंड का समय लिया। जबकि लिली दास ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ जीतीं। उन्होंने 4 मिनट 17.79 सेकंड में दौड़ पूरी की।

## मैनचेस्टर सिटी के जिनचेंको की दरियादिली, 10 वर्षीय बच्चे के फुटबॉलर बनने का सपना करेंगे पूरा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी के स्टार फुटबॉलर एलेक्जेंडर जिनचेंको यूक्रेन छोड़ने को मजबूर 10 साल के युवा का फुटबॉलर बनने का सपना पूरा करने का जिम्मा उठाया है। जिनचेंको 10 वर्षीय बच्चे को क्लब में प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर उसके साथ तस्वीर पेश करते हुए जिनचेंको ने लिखा कि 10 साल के एंड्री ने 75 दिन पहले मेरी तरह एक फुटबॉलर बनने का सपना देखा था। लेकिन फरवरी में रूस के हमले के बाद उसे अन्य यूक्रेन नागरिकों की तरह अपना घर छोड़ना पड़ा।जिनचेंको ने आगे लिखा- यूक्रेन इंटरनेशनल की



मदद से उस बच्चे के सपने के बारे में पता चला तो उसे क्लब में प्रशिक्षण देने के लिए बुला लिया। अब वह यहां सुरक्षित माहौल में युवा खिलाड़ियों से ट्रेनिंग ले रहा है। लेकिन अब उसका सपना है कि देश में शांति और अमन कायम हो। घर पर सामान्य जीवन के बारे में सोचता है। उसकी यह बातें मुझे आहत करती हैं। रूस के हमले के बाद से यूक्रेन में एंड्री जैसे बहुत सारे बच्चे हैं जो अपने बचपन से वंचित हो गए हैं और जीवन बदतर हो गया। हालांकि, विश्वास है कि जल्द ही यूक्रेन में शांति कायम होगी और सभी बच्चों अपने सपने को पूरा करके बचपन को जीने में सक्षम होंगे।

## दीक्षा डागर ओलंपिक की गोल्फ स्पर्धा के फाइनल में

**कैक्सियास डो सुल (ब्राजील)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने बधिर ओलिम्पिक के फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक जीतने की तरफ एक और कदम बढ़ाया। 5 साल पहले 2017 में तुर्की के सैमसन में पिछले बधिर ओलिम्पिक में रजत पदक जीतने वाली 21 साल की दीक्षा की नजरें अब स्वर्ण पदक पर टिकी हैं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाली दीक्षा ने सेमीफाइनल में 2017 की कांस्य पदक विजेता नॉर्वे की आंद्रिया होव्सटीन हेलेगेर्डे को हराया।

दीक्षा डागर ने 5 और 4 से जीत दर्ज की जिसका मतलब हुआ कि वह पांच होल से आगे थी जबकि चार खेले जाने बाकी थे। दीक्षा ने क्वार्टर फाइनल 6 और 5 से जीता था और वरीयता तय करने के लिए हुए स्ट्रोक प्ले में वह 14 शॉट से शीर्ष पर रही। फाइनल में दीक्षा का सामना अमरीका की एशलिन ग्रेस जॉनसन से होगा जो स्ट्रोक प्ले में दूसरे स्थान पर थीं। एशलिन ने फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को 4 और 2 से हराया। आंद्रिया कांस्य के प्ले आफ में मार्गो से भिड़ेंगी और बधिर ओलिम्पिक में अपना दूसरा पदक जीतने का प्रयास करेंगी। बधिर ओलिम्पिक में 2017 में जब पहली बार गोल्फ को शामिल किया गया था तो दीक्षा ने आसानी से फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन अमरीका की योस्ट केलिन ने उन्हें हराकर स्वर्ण पदक जीता था और भारतीय खिलाड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

## वार्नर और मार्श का अर्धशतक, दिल्ली ने राजस्थान को 8 विकेट से हराया

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2022 का 58वां मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला गया। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अश्विन के अर्धशतकीय पारी के बदौलत दिल्ली कैपिटल्स के सामने 161 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने आई दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने वार्नर और मार्श के अर्धशतकीय पारी के बदौलत 18.1 ओवर में 161 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया।

**राजस्थान रॉयल्स (पहली पारी)**

पहले बल्लेबाजी के लिए आई राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को पहला झटका जोस बटलर के रूप में लगा। चेतन सकारिया ने फॉर्म में चल रहे बटलर को 7 रन पर आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। राजस्थान रॉयल्स को दूसरा झटका सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। जायसवाल को मिचेल मार्श ने 19 रन पर आउट किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अश्विन को मिचेल मार्श ने अपना दूसरा शिकार बनाया। अश्विन ने 38 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। एनरिक नोर्त्जे ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को 6 रन पर आउट कर दिल्ली कैपिटल्स को चौथी सफलता दिलाई।

इसके बाद रियान पराग भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 9 रन बनाकर



चेतन सकारिया की गेंद का शिकार बने। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे देवदत्त पडिक्कल अर्धशतक से बनाने से चूक गए। पडिक्कल ने 30 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 48 रन बनाए और नोर्त्जे का शिकार बने।

**दिल्ली कैपिटल्स (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में टीम को अपना पहला विकेट गंवाना पड़ा। ट्रेंट बोल्ट ने श्रीकर भरत को शून्य पर आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

पहला विकेट जल्द गंवाने के बाद डेविड वार्नर और मिचेल मार्श ने टीम की पारी को संभाला और शतकीय साझेदारी निभाई। दूसरे विकेट के लिए वार्नर और मार्श ने 146 रन की साझेदारी बनाई। इस साझेदारी को तोड़ने का काम युजवेंद्र चहल ने किया। चहल ने 89 रन बनाकर खेल रहे मिचेल मार्श को आउट कर टीम को दूसरी सफलता दिलाई। मार्श ने अपनी पारी में 5 चौके और 7 छक्के लगाए।

वहीं ओपनिंग करने आए डेविड वार्नर अर्धशतक बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर ही पवेलियन लौटे। वार्नर ने 41 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 52 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाई।

## तमिल फिल्मों में एंट्री करेंगे महेंद्र सिंह धोनी, इस खास भूमिका में आएंगे नजर

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी कई क्रिकेट प्रेमियों के पसंदीदा हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए एक कप्तान के रूप में कई ट्राफियां जीती हैं जिसमें भारत को वर्ल्ड कप जीताना भी शामिल है। अब धोनी एक नई जर्नी शुरू करने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक धोनी तमिल फिल्मों में एंट्री करने वाले हैं। धोनी तमिलनाडु के प्रशंसकों के लिए अधिक पसंदीदा है और धोनी जल्द ही एक निर्माता के रूप में तमिल फिल्मों में प्रवेश करेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक धोनी ने एक तमिल फिल्म का निर्माण करने की योजना बनाई है और वह आश्चर्यजनक घोषणा के लिए अपनी टीम को मजबूत कर रहे हैं। कहा जाता है कि नयनतारा क्रिकेटर के पहले प्रोडक्शन में महिला प्रधान की भूमिका निभा रही हैं और जानकारी के मुताबिक इसकी घोषणा आईपीएल के बाद की जाएगी। धोनी के जीवन पर आधारित



'एमएस धोनी - द अनटोल्ड स्टोरी' फिल्म को बहुभाषी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी सफलता मिली थी। सुशांत सिंह राजपूत ने फिल्म में धोनी की भूमिका निभाई थी, जबकि दिशा पटानी और कियारा आडवाणी ने क्रमशः एमएस धोनी की प्रेमिका और पत्नी के रूप में महिला प्रधान भूमिका निभाई। दूसरी ओर नयनतारा के पास वर्तमान में शाहरुख खान के साथ बॉलीवुड में डेब्यू के लिए काम कर रही हैं और एटली द्वारा निर्देशित फिल्म पर काम जारी है। नयनतारा कुछ तमिल फिल्मों का भी हिस्सा हैं, लेकिन उन के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर उनकी भागीदारी की घोषणा नहीं की है।

## सीएसके ने जडेजा को इंस्टाग्राम पर किया अनफॉलो, आईपीएल से भी हुए बाहर

**नई दिल्ली ।** भारत और चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी आलराउंडर रविंद्र जडेजा पसलियों की चोट के कारण बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए। उन्होंने कुछ दिन पहले ही टीम की कप्तानी छोड़ी थी। सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने बताया कि रविंद्र जडेजा सीएसके के अगले दो मैच में नहीं खेले क्योंकि उनकी पसली में चोट है। वह घर लौट चुके हैं। जडेजा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच के दौरान लगी चोट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी नहीं खेल पाए थे। सत्र के शुरुआती 8 मैच में सुपरकिंग्स की कप्तानी करने वाले जडेजा के लिए मौजूदा सत्र निराशाजनक रहा और वह 10 मैच में 20 की औसत से सिर्फ 116 रन ही बना सके। वह 7.51 के इकोनॉमी रेट से पांच विकेट ही चटका पाए। जडेजा की अनुपलब्धता का आधिकारिक कारण चोट को बताया गया है लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि इस आलराउंडर को बाहर किया गया है। सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि ऐसा लगता है कि इसके पीछे कुछ और वजह भी है। जडेजा ने इंस्टाग्राम पर सीएसके को फॉलो करना भी बंद कर दिया है। सोशल मीडिया पर फ्रेंचाइजी ने 'अनफॉलो' करने के जडेजा के फैसले के बारे में पूछे जाने पर सीएसके के सीईओ ने कहा कि वह इसे अधिक तवज्जो नहीं देते। विश्वनाथन ने कहा कि मुझे इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसी चीजों के बारे में कोई जानकारी नहीं है और इस बारे में मैं आपको अधिक कुछ नहीं बता पाऊंगा। जडेजा की अगुआई में सुपरकिंग्स की टीम 8 मैच में दो जीत ही दर्ज कर सकी और उसे छह मैच में हार का सामना करना पड़ा। धोनी के दोबारा कप्तान बनने पर टीम ने चार में से तीन मैच जीते हैं।

# विदेश संदेश

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लंदन में बड़े भाई नवाज से मुलाकात की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से लंदन में मुलाकात की और देश के समक्ष मौजूद प्रमुख राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।शहबाज की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सदस्यों के अनुसार, प्रधानमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक समूह के साथ एक निजी यात्रा पर लंदन गए हैं। प्रधानमंत्री के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब, योजना मंत्री अहसान इकबाल, ऊर्जा मंत्री खुर्रम दस्तगीर, वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल और रेल मंत्री ख्वाजा साद रफीक शामिल हैं। शहबाज शरीफ मंगलवार आधी रात के कुछ देर बाद ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट से लंदन के लिए रवाना हुए थे। उनके दो से तीन दिनों तक लंदन में रहने की उम्मीद है।



## भारत के साथ व्यापार को लेकर देश की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में 'व्यापार प्रतिनिधि' की नियुक्ति को नियमित प्रक्रिया बताते हुए कहा भारत के साथ व्यापार को लेकर उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।मीडिया में आयी खबरों में कहा गया था कि कमर जमां को नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में पाकिस्तान का 'व्यापार प्रतिनिधि' बनाया गया है। इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंध बहाल होने की अटकलों को बल मिला था। पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी करके कहा, वाणिज्य मंत्रालय 46 देशों में 57 व्यापार मिशन का प्रबंधन करता है जिसमें नयी दिल्ली में व्यापार प्रतिनिधि (व्यापार एवं निवेश) का पद शामिल है।' मंत्रालय ने साफ किया, 'भारत के साथ व्यापार पर पाकिस्तान की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## उड़ान दौरान पायलट की अचानक बिगड़ी तबीयत, अनाड़ी यात्री ने ऐसे कराई विमान की सुरक्षित लैंडिंग

**न्यूयार्क:** अमेरिका में फ्लोरिडा के अटलांटिक तट से दूर एक छोटे विमान में पायलट की तबीयत अचानक खराब होने के बाद एक गैर अनुभवी यात्री ने विमान की सुरक्षित लैंडिंग करवाई और सभी सवार लोगों की जान बचा ली। इस यात्री ने सूझबूझ से 'कॉकपिट रेडियो' के जरिए मदद की गुहार लगाई और हवाई नियंत्रकों के निर्देशों का पालन करते हुए विमान को सुरक्षित उतारा। यात्री ने मंगलवार को बताया, '' स्थिति काफी गंभीर थी। पायलट को तबीयत खराब होने की वजह से कुछ समझ नहीं आ रहा था। मुझे विमान उड़ाने का कोई अनुभव नहीं था।' 'कॉकपिट रेडियो' के जरिए मदद की गुहार लगाने के बाद फोर्ट पियर्स में एक हवाई यातायात नियंत्रक ने जवाब दियाऔर यात्री से पूछा कि क्या वह सिंगल-इंजन सेसना 280 के बारे में कुछ भी जानते हैं। यात्री ने कहा, '' मुझे कोई अंदाजा नहीं था। मुझे मेरे सामने फ्लोरिडा का तट नजर आ रहा था और मुझे कुछ नहीं पता था।' इसके बाद, नियंत्रक ने बेहद शांत रहते हुए उनसे बात की और उन्हें विमान के पंखों को संतुलित रखने और तट की ओर बढ़ने को कहा। इसके कुछ मिनट बाद ही नियंत्रकों ने विमान के स्थान का पता लगा लिया और उन्हें पता चला कि विमान बोका रैटोन के ऊपर उत्तर की ओर बढ़ रहा है।यात्री की आवाज धीमी होने पर नियंत्रक ने उनसे उनका फोन नंबर मांगा, ताकि पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नियंत्रकों के साथ वह आराम से बात कर पाएं। हवाई यातायात नियंत्रक रॉबर्ट मॉर्गन ने इसके बाद व्यवस्था अपने हाथ में ली और विमान को सुरक्षित तरीके से उतरवाया। यात्री के विमान को सुरक्षित 'टरमैक' पर उतारने पर एक अन्य नियंत्रक ने कहा, '' नए पायलट को बधाई।' मॉर्गन ने कहा कि ऐसा लगता है कि वह यात्री सही समय पर, सही जगह पर था। 'फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन' के प्रवक्ता रिक ब्रेटेनफेल्ड ने पुष्टि की है कि विमान में केवल पायलट और एक यात्री ही सवार था। एजेंसी मामले की जांच कर रही है। पायलट की हालत अब कैसी है, इस संबंध में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है और अधिकारियों ने उसकी पहचान भी उजागर नहीं की है।



# राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का एलान- संविधान संशोधन जल्द, भाई महिंदा के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच विपक्ष से की ये अपील

**कोलंबो।** संकट में घिरे श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे पद छोड़ने से इनकार कर चुके हैं। हालांकि, गुरुवार को ट्वीट्स के जरिए उन्होंने श्रीलंका में शांति लाने के तरीकों का जिक्र किया। इसमें उन्होंने संविधान में संशोधन के साथ विपक्ष के साथ अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करने का भी वादा किया।

**गोटबाया राजपक्षे के ट्वीट में क्या?**

राष्ट्रपति गोटबाया ने अपने चार ट्वीट्स की कड़ी में श्रीलंका में फैली अशांति को खत्म करने के तरीके सुझाए हैं। उन्होंने कहा, 'नई सरकार बनाने के कदम उठाए जाएंगे, ताकि इस देश को अराजकता की गर्त में जाने बचाया जाए और सरकार के रुके हुए कार्यों को आगे बढ़ाना सुनिश्चित किया जा सके। इसी हफ्ते एक प्रधानमंत्री की नियुक्ति होगी, जिसके पास न सिर्फ संसद में बहुमत होगा, बल्कि वह लोगों का भरोसा भी जीत सकेगा।'

अगले ही ट्वीट में गोटबाया ने कहा, 'नई सरकार को देश को आगे ले जाने के लिए नए कार्यक्रम पेश करने का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा संविधान को संशोधित किया जाएगा, ताकि 19वें संशोधन के नियमों को फिर से लागू कर संसद को और मजबूत किया जा सके। राजपक्षे ने यह भी कहा कि विपक्ष की ओर से की जा रही मांगों पर भी बैठक बुलाई जाएगी। नई सरकार और उसकी देश को स्थायित्व देने की क्षमता के साथ हमारे पास सत्ता और उसकी ताकतों पर चर्चा करने का मौका होगा। आखिरी ट्वीट में गोटबाया ने विपक्ष की ओर से इशारा करते हुए अपील की कि उन्हें इन सब कार्यों के लिए सहयोग की जरूरत होगी, ताकि लोगों की जान और संपत्ति बचाई जा सके। साथ ही देश को बिखरने से रोकते हुए जरूरी सामानों की सप्लाई को बनाए रखा जा सके।



**राष्ट्र के नाम संबोधन में भी कही थीं सुधार की बातें**

संवैधानिक रूप से राष्ट्रपति बिना मंत्रिमंडल के ही देश को चलाने के लिए अधिकार प्राप्त हैं। हालांकि, गोटबाया ने एक दिन पहले भी बयान दिया था कि वह इसी हफ्ते नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल की नियुक्ति करेंगे। यह मंत्रीमंडल संवैधानिक सुधार पेश करेगा। देश में गंभीर आर्थिक संकट के चलते सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। संकट के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले महिंदा राजपक्षे अपने करीबियों पर हमले के मद्देनजर एक नौसेना अड्डे पर सुरक्षा घेरे में हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए गोटबाया ने कहा कि नौ मई को जो कुछ हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा, ''हत्याओं, हमले, धौंसपट्टी, संपत्ति को नष्ट करना और उसके बाद के जघन्य कृत्यों को बिल्कुल सही नहीं ठहराया जा सकता।'' उन्होंने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक को जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका पुलिस एवं सैन्यबल को हिंसा फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ाई से कानून लागू करने का आदेश दिया गया है।

**श्रीलंका में उठ रही महिंदा राजपक्षे की गिरफ्तारी की मांग**

श्रीलंका अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इससे निपटने में सरकार की विफलता को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बीच महिंदा को सुरक्षा मुहैया करायी गई है। विपक्षी दल भी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) नेता महिंदा 2005 से 2015 तक देश के राष्ट्रपति थे और उस दौरान उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के खिलाफ क्रूर सैन्य अभियान चलाया था।

## चीन में हादसा: टेकऑफ के दौरान रनवे पार कर गया तिब्बत एयरलाइंस का विमान, पकड़ी आग, कई यात्री घायल

**बीजिंग।** चीन के चॉन्गकिंग में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहां तिब्बत एयरलाइंस का एक विमान एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान रनवे को पार कर गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इस फ्लाइट को चॉन्गकिंग से तिब्बत के ल्हासा तक जाना था। हालांकि, रनवे से उतरने के बाद विमान जब तक रुक पाया, उसमें आग लग चुकी थी। हादसे में कुछ यात्रियों के चोटिल होने की बात सामने आई है। चीन के सरकारी अखबार पीपुल्स डेली के मुताबिक, विमान में 113 यात्री और नौ क्रू के सदस्य सवार थे। राहत-बचाव कर्मियों ने सभी को सही-सलामत निकाल लिया। जिन लोगों को भी चोट आई थी, उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। इस



घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जिसमें विमान को आग में धधकते देखा जा सकता है। हालांकि, घटना की कुछ और फोटोज में दमकलकर्मियों को आग पर पूरी तरह काबू पाते भी दिखाया गया है।

**क्या रही हादसे की वजह?**

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, टेकऑफ से पहले ही फ्लाइट के क्रू को विमान में कुछ तकनीकी खराबी की आशंका हुई। इसके बाद आनन-फानन में टेकऑफ को रोका गया। इसी दौरान उड़ान न भरने के बाद विमान रनवे पार कर गया और इसमें आग लग गई।

## अमेरिका: रिपब्लिकन सांसद ने भारत में बतौर अमेरिकी दूत गार्सेटी के नामांकन पर लगी रोक हटाई

**वाशिंगटन।** शीर्ष रिपब्लिकन सांसद चक ग्रैसली ने भारत में अमेरिकी राजदूत के पद के लिए एरिक गार्सेटी के नामांकन पर लगाई रोक हटा दी है। हालांकि उन्होंने कहा है कि वह सीनेट में उनके नामांकन के खिलाफ मतदान करेंगे। गार्सेटी अभी लॉस एंजिलिस के मेयर हैं और कई बार भारत की यात्रा कर चुके हैं। ग्रैसली के कार्यालय में जांचकर्ता इस बात की तफ्तीश कर रहे थे कि गार्सेटी, राजनीतिक सलाहकार रिक जैकब्स के सिटी हॉल में तथा उसके आसपास महिलाओं और पुरुषों के प्रति अनुचित व्यवहार के बारे में क्या जानते थे। सीनेटर के कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक, जांच पूरी होने के बाद, गार्सेटी के नामांकन पर लगाई रोक हटाई जा रही है। हालांकि, रोक हटाने के बाद भी ग्रैसली ने गार्सेटी के नामांकन के खिलाफ मतदान करने का फैसला किया है। यदि अमेरिकी सीनेट गार्सेटी (51) के नाम पर मुहर लगा देती है, तो वह केनेथ जस्टर का स्थान लेंगे जो ट्रंप प्रशासन में भारत में अमेरिकी राजदूत थे। बता दें कि गार्सेटी ने करीब एक साल तक हिंदी और उर्दू भाषा की पढ़ाई भी की है।



## दुखद: वेस्ट बैंक में इस्राइली सैन्य कार्रवाई में अल-जजीरा की पत्रकार की मौत, अब उठ रहे सवाल

**अल-जजीरा।** अल-जजीरा की पत्रकार शिरीन अबू अकलेह की तड़के वेस्ट बैंक में गोली लगने से मौत हो गई। उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन कस्बे में हुई इस्राइली सेना की गोलीबारी में शिरीन की हत्या को कतर आधारित मीडिया और फलस्तीन ने अपराध बताया है। उस समय वह रिपोर्टिंग कर रही थीं।

प्रसारक अल-जजीरा ने अपनी पत्रकार की मौत के लिए इस्राइली बलों को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि इस्राइली सेना का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है। मशहूर फलस्तीनी पत्रकार शिरीन अबू अकलेह अरबी भाषी चैनल की एक जानी-मानी रिपोर्टर थीं।

कतर के प्रसारक ने अपने चैनल पर जारी एक बयान में कहा, हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हैं कि वह हमारी सहयोगी शिरीन को जानबूझकर निशाना बनाने और उनकी जान लेने के लिए इस्राइली बलों की निंदा करें और उनकी जवाबदेही तय करें। घटना के एक वीडियो में, शिरीन नीले रंग की 'प्रेस' लिखी 'फ्लैक' जैकेट पहने दिख रही हैं।



**यह चौंकाने वाला अपराध : फलस्तीन**

इस्राइली सेना ने कहा है कि जेनिन में उनके बल पर भारी गोलीबारी की गई तथा विस्फोटकों से हमले किए गए। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की। सेना ने कहा, वह घटना की जांच कर रही है और हो सकता है कि पत्रकार फलस्तीनी बंदूकधारियों की गोलीबारी की चपेट में आ गई हों। फलस्तीनी प्राधिकरण ने हमले की निंदा की और कहा कि यह इस्राइली बल द्वारा किया गया यह एक चौंकाने वाला अपराध है।

## ओमिक्रोन वैरिएंट का पहला मामला आया सामने, किम जोंग उन ने पूरे देश में लगाया लॉकडाउन

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया में गुरुवार को कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट का पहला मामला सामने आया है। इसके बाद पूरे देश में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी गई। वहीं उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने पूरे देश में लॉकडाउन घोषित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया जिस व्यक्ति में कोरोना की पुष्टि हुई है, वह कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। जांच के बाद सामने आया कि, व्यक्ति ओमिक्रोंन वैरिएंट की चपेट में है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, पहला मामला सामने आने के बाद किम जोंग उन ने अधिकारियों के साथ बैठक की और संक्रमण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं खबर आ रही है कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। ओमिक्रोन का पहला मामला सामने आने के बाद उत्तर कोरिया की सीमाओं पर निगरानी कड़ी कर दी गई है। किम जोंग उन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाहर से आने वालों की सघन जांच की जाए।



# यूएन में उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों को लेकर अमेरिका की चीन-रूस से हुई तीखी नोकझोंक

**संयुक्त राष्ट्र।** उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों को लेकर संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका-चीन और रूस आपस में भिड़ गए। अमेरिका की, उत्तर कोरिया के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को लेकर उस पर संयुक्त राष्ट्र के नए है और उन्होंने कहा कि वे उत्तर कोरिया पर नयी वार्ता देखना चाहते है न कि उसे और सजा देना चाहते हैं। अमेरिका की राजदूत



लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि सुरक्षा परिषद उत्तर कोरिया के ''एक और उकसावे वाला, गैरकानूनी, खतरनाक कृत्य जैसे कि परमाणु परीक्षण' करने तक का इंतजार नहीं कर सकती है। ग्रीनफील्ड इस महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक कोरिया गणराज्य ने इस साल अभी तक 17 बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किए हैं। संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव खालिद खैरी ने परिषद में कहा कि उत्तर कोरिया ने ''दो साल पहले के मुकाबले पिछले पांच महीनों में अधिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।' ग्रीनफील्ड ने चीन और रूस का प्रत्यक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में दो सदस्यों ने प्रतिबंध लगाने के ''हर प्रयास को बाधित किया है।'उन्होंने कहा कि दिसंबर 2017 में पारित प्रतिबंधों के प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने कहा था कि अगर उत्तर कोरिया अंतरमहाद्वीप तक पहुंचने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करता है तो उसे पेट्रोलियम निर्यात पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि इस साल उत्तर कोरिया ने कम से कम तीन आईसीबीएम परीक्षण किए और परिषद इस पर चुप है। अमेरिका के प्रस्तावित प्रतिबंध प्रस्ताव में अन्य प्रतिबंधों समेत तेल के निर्यात पर पाबंदी शामिल होगी। वहीं, चीन के राजदूत झांग जुन ने इस पर खेद जताते हुए कहा कि अमेरिका ''प्रतिबंधों की जादुई शक्ति के प्रति अंधविश्वासी बना हुआ है।' उन्होंने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच 2018 में सीधी बातचीत के सकारात्मक नतीजे निकले थे लेकिन अमेरिका ने प्योंगयांग की सकारात्मक पहलों पर किए वादों को पूरा न करके मौजूदा गतिरोध पैदा किया है। संयुक्त राष्ट्र में रूस की उप राजदूत एना इव्स्तिगनीवा ने नए प्रतिबंधों के झांग के विरोध को दोहराया।

## अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में नए स्कूल के पहले डीन पद के लिए भारतवंशी अरुण मजूमदार नामित

**लॉस एंजलिस:** भारतीय-अमेरिकी पदार्थ वैज्ञानिक, इंजीनियर और प्रोफेसर डॉ. अरुण मजूमदार को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन और निरंतरता पर केंद्रित नए स्कूल का पहला डीन नामित किया गया है। 'स्टैनफोर्ड न्यूज' के मुताबिक विश्वविद्यालय के 70 सालो में पहले नए स्कूल 'स्टैनफोर्ड डोएर्र स्कूल ऑफ सस्टेनबिलिटी' की शुरुआत एक सितंबर को होगी। इसका उद्देश्य वैश्विक जलवायु संकट के त्वरित समाधान पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

मजूमदार फिलहाल जे प्रीकोर्ट प्रोवोस्टियल चेयर प्रोफेसर, मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग एवं पदार्थ विज्ञान के संकाय सदस्य और प्रीकोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एनर्जी के फैलो तथा पूर्व निदेशक हैं। वह 15 जून को अपना नया पदभार ग्रहण करेंगे। मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले मजूमदार ने 1985 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई से मकेनिकन इंजीनियरिंग में अपनी स्नातक



डिग्री ली थी और बर्कले स्थिति कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से 1989 में डॉक्टरेट की उपाधि ली। वह 30 नवबंर 2011 से 15 मई 2012 तक अमेरिका में उप उर्जा मंत्री भी रहे लेकिन उसके बाद उनका नामांकन वापस ले लिया गया।वाशिंगटन डीसी छोड़ने के बाद मजूमदार गूगल में उपाध्यक्ष, ऊर्जा के पद पर रहे जहां उन्होंने डेटा, कंप्यूटिंग और बिजली ग्रिड पर प्रौद्योगिकियों और व्यवसायों को बनाने के लिए एक टीम तैयार की। मजूमदार 2014 में स्टैनफोर्ड से जुड़े। वह एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी -एनर्जी (एआरपीए-ई) के संस्थापक निदेशक थे और फिलहाल अमेरिकी ऊर्जा मंत्री के सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। मजूमदार ने एक विज्ञप्ति में कहा, ÷पहले डीन के रूप में सेवा करने का अवसर पाकर मैं बहुत सम्मानित और कृतज्ञ हूं।

# कोरोना का पहला मामला आते ही उत्तर कोरिया में आपातकाल, पूरे देश में लॉकडाउन

**प्योंगयांग।** पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमण की त्रासदी के बाद अब उत्तर कोरिया में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है। उत्तर कोरिया में कोरोना का पहला मामला सामने आते ही राष्ट्रीय आपातकाल का ऐलान कर दिया गया है। साथ ही पूरे देश में लॉकडाउन भी घोषित कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को उत्तर कोरिया में कोराना का पहला मामला सामने आया है। कोरोना संक्रमित मरीज में कोरोना के ओमिक्रॉन प्रारूप की पुष्टि हुई है। अधिकारियों के मुताबिक उक्त व्यक्ति कई दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था। कोरोना के लक्षणों के मद्देनजर जांच के बात पता चला कि वह कोरोना के ओमिक्रॉन प्रारूप की चपेट में है। कोरोना के पहले मरीज की जानकारी सामने आते ही उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने पूरे देश में लॉकडाउन की घोषणा कर दी है। साथ ही पूरे देश में राष्ट्रीय आपातकाल का ऐलान भी कर दिया गया है।

कोरोना का पहला मामला सामने आने के बाद किम जोंग उन ने अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों को कोरोना संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी पता चल रहा है कि कोरोना संक्रमण के खतरे से निपटने के लिए उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

इसके अलावा उत्तर कोरिया की सीमाओं पर भी सख्ती बढ़ा दी गयी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि दूसरे देशों से उत्तर कोरिया आने वालों की सघन जांच की जाए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।